उज्जैन
सोमवार
23
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-112
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



नई वेब सीरीज: दिव्या दत्ता की 'चिरैया' का टीजर आउट घरों में महिलाओं पर होने वाले अन्याय पर बेस्ड स्टोरी

पेज- 8

## बेंजामिन नेतन्याहू बोले- पीएम मोदी के इजराइल आने का इंतजार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजराइल दौरे को लेकर इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने एक्स पर कर कहा कि वे अपने प्रिय मित्र की इस



बुधवार होने वाली यात्रा का इंतजार कर रहे हैं। नेतन्याहू ने भारत-इजराइल संबंधों को नवाचार, सुरक्षा और साझा रणनीतिक दृष्टि पर आधारित साझेदारी बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग एआई सहित कई क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। नेतन्याहू की पोस्ट के जवाब में मोदी ने उन्हें धन्यवाद देते हुए कहा कि वे भारत-इजराइल संबंधों और द्विपक्षीय रिश्तों की विविधता पर उनसे सहमत हैं। पीएम मोदी ने लिखा कि भारत विश्वास, नवाचार और शांति व प्रगति की साझा प्रतिबद्धता पर आधारित इजराइल के साथ अपनी स्थायी मित्रता को महत्व देता है और वे अपनी आगामी यात्रा के दौरान होने वाली चचाओं के लिए उत्सुक हैं।

## 35 वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अब खुद उठाएंगे जनता की शिकायतों के फोन

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने जन शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 35 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को सीधे पब्लिक हेल्पलाइन से जोड़ने का निर्देश दिया है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास द्वारा जारी आदेश के अनुसार सचिव से लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तर तक के अधिकारी अब तय तिथियों पर राजस्थान संपर्क 181 हेल्पलाइन कॉल सेंटर में बैठेंगे और प्रतिदिन कम से कम 10 कॉल स्वयं सुनेंगे। सरकारी आदेश के मुताबिक यह पहल जन शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण और प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है। अधिकारी सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क 181 कॉल सेंटर में अपनी निर्धारित ड्यूटी के दौरान नागरिकों की शिकायतें सीधे सुनेंगे और जहां तक संभव होगा, मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे।

## पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री मुकुल रॉय का कोलकाता में निधन

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय रेल राज्य मंत्री और बंगाल के अनुभवी नेता मुकुल रॉय का लंबी बीमारी के बाद 71 साल की



उम्र में कार्डियक अरेस्ट से निधन हो गया। मुकुल ने रविवार रात 1:30 बजे कोलकाता के साल्ट लेक के अपोलो हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। उनके बेटे सुभ्रांशु रॉय ने इसकी पुष्टि की है। मुकुल रॉय ने 2017 में तृणमूल कांग्रेस से दूरी बनाते हुए बीजेपी का दामन थाम लिया था। 2021 के विधानसभा चुनाव में वे भाजपा के टिकट पर विधायक चुने गए, लेकिन बाद में उसी साल जून में फिर तृणमूल कांग्रेस में लौट गए थे।

## तेजस विमान का ब्रेक फेल रनवे से आगे निकला लैंडिंग के दौरान हादसा

**नई दिल्ली।** इंडियन एयर फोर्स का हल्का लड़ाकू विमान तेजस लैंडिंग के दौरान रनवे से आगे निकल गया। शुरूआती जांच में ब्रेक फेल होने की आशंका जताई जा रही है। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि घटना 7 फरवरी की है। जानकारी अब सामने आई है। विमान ट्रेनिंग उड़ान के बाद एयरबेस पर लौट रहा था। लैंड करते ही पायलट ने ब्रेक लगाने की कोशिश की। जब ब्रेक नहीं लगा तो विमान रनवे से बाहर निकल गया। दुर्घटना से पहले पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया। विमान को नुकसान पहुंचा है। हादसा किस एयरबेस पर हुआ, ये जानकारी सामने नहीं आई। सूत्रों ने बताया कि इस घटना के बाद, एयरफोर्स ने करीब 30 सिंगल-सीट तेजस जेट के पूरे बेड़े को टेक्निकल जांच के लिए ग्राउंड कर दिया। यानी जांच पूरी होने तक विमान उड़ान नहीं भरेंगे।

### सोमवार देर रात नेपाल में बस हाईवे से नदी में गिरी

# 18 लोगों की मौत, 25 घायल

### मरने वालों में 2 विदेशी नागरिक कंट्रोल खोने से हादसा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ काठमांडू**

नेपाल के धादिंग जिले में सोमवार देर रात एक बस हाईवे से नदी में गिर गई। नेपाली मीडिया के मुताबिक हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हैं। मृतकों में एक पुरुष और एक महिला विदेशी नागरिक शामिल हैं। हालांकि, यह किस देश से थे और इनके नाम अभी सामने नहीं आए हैं।

पुलिस बल के मुताबिक, अब तक 17 शव बरामद किए जा चुके हैं। बाद



में एक अन्य यात्री की मौत की पुष्टि हुई, जिससे मृतकों का आंकड़ा 18 हो गया। हादसे में घायल लोगों को रेस्क्यू कर अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अब तक मृतकों और घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। बस पोखरा से काठमांडू की ओर जा रही थी, तभी किसी कारण ड्राइवर का बस से नियंत्रण खो गया और बस त्रिशूली नदी में जा गिरी। हादसा देर रात करीब रात 1:30 बजे धादिंग जिले के बेनिघाट रोरांग इलाके में हुआ। फिलहाल पुलिस हादसे की अन्य वजहों की भी जांच कर रही है।

## ट्रम्प के रिजॉर्ट में घुस रहे युवक को गोली मारी, मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मार-ए-लागो रिजॉर्ट में घुसने की कोशिश करने वाले एक युवक को सुरक्षाकर्मियों ने गोली मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। घटना स्थानीय समयानुसार रविवार आधी रात 1:30 बजे हुई। राष्ट्रपति की सुरक्षा करने वाली एजेंसी सीक्रेट सर्विस ने बताया कि युवक गैरकानूनी तरीके से सुरक्षित इलाके में घुसने की कोशिश कर रहा था। वह अपने साथ शॉटगन और फ्यूल केन लेकर आया था। मारे गए युवक की उम्र 20 साल थी, वह नॉर्थ कैरोलीना का रहने वाला था। फिलहाल उसकी पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। मामले की जांच जारी है। घटना के वक्त राष्ट्रपति ट्रम्प वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस में मौजूद थे। आमतौर पर वह वीकेंड पर मार-ए-लागो में समय बिताते हैं। सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि रिजॉर्ट के नॉर्थ गेट से एक कार के बाहर निकल रही थी, इसी दौरान युवक ने अंदर घुसने की कोशिश की। उसके पास शॉटगन और फ्यूल केन थी। सीक्रेट सर्विस के दो एजेंट्स ने उसे रोका और उससे हथियार और केन गिराने को कहा गया। युवक ने केन तो रख दिया, लेकिन शॉटगन को गोली चलाने की पोजिशन में उठा लिया।

## महिला मोर्चा पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा सदस्यता अभियान की शुरूआत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सोनभद्र**

नगवा ब्लॉक में आयोजित महिला सभा लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास महिला मोर्चा पूर्वी उत्तर प्रदेश के द्वारा किया गया व सदस्यता अभियान की शुरूआत आज डॉ. प्रीति उपाध्याय प्रदेश अध्यक्ष लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास ने किया। कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष सोनभद्र महिला मोर्चा रूपमती पासवान द्वारा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रीति उपाध्याय प्रदेश अध्यक्ष लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास ने कार्यक्रम में



सम्मिलित होते हुए। आगामी वर्ष 2027 में इलेक्शन में उत्तर प्रदेश में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के बिना किसी का सरकार नहीं बनेगी और उसमें भी विशेष कर हम महिला 50 पर्सेन्ट वोटर का बहुत बड़ी भूमिका होगी। हम सभी संघटन को जन जन तक ले जाने के संकल्प के साथ आज इस सभा को आयोजित किया गया।

### धार में मृत्यु भोज के कार्यक्रम में मधुमक्खियों का कहर

## एक की मौत, 20 से ज्यादा लोग घायल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

एमपी के धार जिले में शनिवार की देर शाम एक परिवार के मृत्यु भोज कार्यक्रम में उस समय हड़कंप मच गया, जब अचानक मधुमक्खियों का झुंड लोगों पर टूट पड़ा। कुछ ही मिनटों में खुशी और शांति का माहौल चीख-पुकार में बदल गया। लोग जान बचाने के लिए भागते रहे, लेकिन मधुमक्खियों के डंक से कई लोग बुरी तरह घायल हो गए।

इस मधुमक्खियों के हमले में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। पांच लोगों की हालत गंभीर



है। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, धार जिले के डेहरी क्षेत्र के ग्राम झिगरी बयड़ी में शनिवार को एक परिवार ने परंपरानुसार मृत्यु भोज का आयोजन किया था। गांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। भोजन परोसने की तैयारी चल रही थी और लोग आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान अचानक पास के पेड़ों पर बने छत्ते से मधुमक्खियों का झुंड भड़क उठा। देखते ही देखते मधुमक्खियां कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों पर टूट पड़ीं। मधुमक्खियों का हमला इतना अचानक और तेज था कि किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। कुछ लोग जमीन पर गिर पड़े, तो कुछ ने कपड़ों से चेहरा ढकने की कोशिश की। लेकिन मधुमक्खियों ने कई लोगों को लगातार डंक मारे। कुछ ही मिनटों में पूरा आयोजन स्थल खाली हो गया।

## मेक्सिको में ड्रग तस्कर की मौत के बाद हिंसा



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मेक्सिको**

मेक्सिकन सेना ने रविवार को एक ऑपरेशन के तहत देश के सबसे बड़े ड्रग कार्टेल के लीडर को मार गिराया। नेमेसियो रुबन ओसेगुएरा सर्वेंटेस उर्फ एल मेंचो जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल का लीडर था और दुनिया के मोस्ट वॉन्टेड अपराधियों में शामिल था। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, जालिस्को में सेना की कार्रवाई के दौरान वह घायल हुआ। उसे एयरलिफ्ट कर मेक्सिको सिटी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। उसकी मौत के बाद जालिस्को समेत कई राज्यों में एल मेंचो के समर्थकों ने हिंसक प्रदर्शन किया। कई जगह गाड़ियों में आगजनी की और घंटों तक हाईवे जाम कर दिया। समर्थकों ने एयरपोर्ट, पेट्रोल पंप और मॉल में भी तोड़फोड़ और आगजनी की।

### भाजपा के नेताओं का निगम-मंडलों में


## नियुक्ति का लंबा इंतजार अब खत्म होने जा रहा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन जिले में भी भाजपा के नेताओं का निगम-मंडलों में नियुक्ति का लंबा इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। इन नियुक्तियों को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने संकेत दिए है।

असल में मोहन सरकार को भी दो साल होने जा रहे हैं, लेकिन निगम-मंडल में नई नियुक्तियों के लिए कतार में खड़े कार्यकर्ताओं का इंतजार बढ़ता जा रहा है। इस बीच एक बार फिर निगम-मंडलों में नियुक्तियों का मामला फिर चर्चा में आ गया है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार कुछ नामों पर आपत्ति होने के कारण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल दिल्ली जाकर केंद्रीय नेतृत्व से बात करके हरी झंडी लेने वाले हैं। जानकारी के अनुसार, राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर संगठन पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष खंडेलवाल ने सत्ता और संगठन में नियुक्तियों को लेकर महत्वपूर्ण संकेत दिए हैं। माना जा रहा है कि जिन नामों पर आपत्ति है, उनके बारे में दिल्ली से निर्णय होगा। नियुक्तियों की प्रक्रिया अब अपने अंतिम चरण में है। लगभग 30 से 40 निगमों और मंडलों में नियुक्तियों की तैयारी पूरी हो चुकी है और जल्द ही नामों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि संगठन के खाली पदों को भरना पहली प्राथमिकता है। इसमें जिला प्रभारियों, विभिन्न प्रकोष्ठों, कार्यसमिति और मोर्चों का गठन शामिल है। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि संगठन जितना मजबूत होगा, पार्टी की राह उतनी ही आसान होगी। उन्होंने यह भी कहा कि निगमों-मंडलों में केवल सीमित लोगों को जगह मिलती है, लेकिन पार्टी अपने लाखों कार्यकर्ताओं के हितों का ध्यान रख रही है। गौरतलब है कि विधानसभा व लोकसभा चुनाव के दो साल बाद भी निगम-मंडलों, प्राधिकरणों व आयोगों में राजनीतिक नियुक्तियां न होने से जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं में आक्रोश के चलते मामला फिर गरमा गया है।



## खबर एक नजर...

### महाकाल, हरसिद्धि,काल भैरव व अन्य मंदिरों में दिया रिसेप्शन का निमंत्रण



**उज्जैन।** श्री महाकाल शयन आरती युवा शक्ति परिवार 1 मार्च को नृसिंह घाट मार्ग, जयसिंहपुरा स्थित रघुकुल गार्डन में भंडारे (रिसेप्शन) का आयोजन करेगा। आयोजक गुरुजी हरीश जोशी ने बताया आयोजन के लिए समिति ने नगर के प्रमुख देवी-देवताओं और तीर्थों पर कार्यक्रम की प्रथम आमंत्रण पत्रिका (निमंत्रण) अर्पित की। सर्वप्रथम भगवान श्रीगणेश (बाबा गजानंद महाराज), माता हरसिद्धि, राजाधिराज महाकाल महाराज और माता संतोषी को पत्रिका भेंट की गई। इसके बाद नगर के प्रमुख तीर्थों और भैरव मंदिरों जिनमें काल भैरव, मंगलनाथ, सिद्धनाथ, चक्र तीर्थ, मोक्षदायिनी शिप्रा नदी, आनंद भैरव और विक्रांत भैरव आदि मंदिरों में भी विधिवत रूप से आमंत्रण पत्रिका अर्पित की।

### दिन का पारा 31 के पार, चार दिन हल्की बारिश के आसार

**उज्जैन।** मावठा गिरने से बदले मौसम ने फिर करवट ली है। रविवार को आसमान साफ रहा। दोपहर में धूप के तेवर भी तीखे रहे। हालांकि रात में सर्दी का दौरा जारी है। शासकीय जीवाजी वेधशाला के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री रहा, जो कि शनिवार के अधिकतम तापमान 31 डिग्री से 0.5 डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 16 डिग्री दर्ज किया, जो कि शनिवार के न्यूनतम तापमान 15 डिग्री से 1.0 डिग्री ज्यादा है। ऐसे में दिन और रात के तापमान की तुलना करें तो 15.5 डिग्री का अंतर आ रहा है। आर्द्रता सुबह 88 और शाम को 32 फीसदी रही। मौसम विभाग भोपाल ने अगले चार दिन तक शहर और आसपास के क्षेत्रों में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश का अनुमान लगाया है। प्रदेश के पांच सबसे गर्म शहरों में उज्जैन बदलते मौसम के बीच दिन में तपन बढ़ गई है। मौसम विभाग भोपाल की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के पांच सबसे गर्म शहरों में उज्जैन भी शामिल रहा। आंकड़ों के लिहाज से देखें तो मंडला 32 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा। उसके बाद आलीराजपुर 31.8, खरगोन 31.6, उज्जैन 31.5 और बड़वानी 31.2 डिग्री पर रहा।

### ब्लॉक के कारण आज से कई ट्रेन प्रभावित



**उज्जैन।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के मल्हारगढ़ यार्ड-मंदसौर यार्ड के मध्य दोहरीकरण कार्य के चलते 22 फरवरी से 1 मार्च तक रतलाम मंडल की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी। 22 फरवरी को चित्तौड़गढ़ से चलने वाली गाड़ी 79304 चित्तौड़गढ़-रतलाम डेमू 1 घंटे एवं 23 फरवरी को 0.40 घंटे विलंब से प्रस्थान करेगी। 24 फरवरी को जमुना ब्रिज से चलने वाली गाड़ी 19818 जमुना ब्रिज-रतलाम एक्सप्रेस चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। 24 फरवरी को रतलाम से चलने वाली गाड़ी संख्या 19327 रतलाम-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होकर संचालित की जाएगी। 24 फरवरी से 1 मार्च तक उज्जैन से चलने वाली गाड़ी 69231 उज्जैन-चित्तौड़गढ़ पैसेंजर रतलाम रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी और रतलाम से चित्तौड़गढ़ के मध्य निरस्त रहेगी। 24 फरवरी से 1 मार्च तक चित्तौड़गढ़ से चलने वाली गाड़ी 69232 चित्तौड़गढ़-उज्जैन पैसेंजर रतलाम रेलवे स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी और चित्तौड़गढ़ से रतलाम के मध्य निरस्त रहेगी। 25 फरवरी से 1 मार्च तक गाड़ी 79304 चित्तौड़गढ़ रतलाम डेमू मार्ग में आधा घंटा रेगुलेट होगी।

# ग्लोबल साउथ के 43 राजनयिक उज्जैन पहुंचे

## श्री महाकालेश्वर मंदिर में किए दर्शन, भारतीय संस्कृति को सराहा, अतिथियों का पुष्पमालाओं और स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



ग्लोबल साउथ यंग डिप्लोमेट्स फोरम का 43 सदस्यीय अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल रविवार को उज्जैन पहुंचा। इस दल ने श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए।

यह दौरा विदेश मंत्रालय के अधीन सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान द्वारा आयोजित किया था। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविख्यात ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर लाभ प्राप्त किया।

मंदिर परिसर में पहुंचने पर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से इंजीनियर शिवाकांत पांडे ने अतिथियों का पुष्पमालाओं और स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को मंदिर की प्राचीनता, धार्मिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्ता से अवगत कराया।

अतिथियों को बताया गया कि उज्जैन स्थित यह ज्योतिर्लिंग देश-विदेश में आस्था का प्रमुख केंद्र है। उन्हें मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस दौरान एक विदेशी नागरिक ने मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि उन्हें भगवान शिव के बारे में बहुत कुछ जानने को मिला और यह एक अच्छा अनुभव रहा। उन्होंने भारत सरकार को धन्यवाद देते हुए यहां की कलाकृतियों की भी प्रशंसा की। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने मंदिर की भव्यता और आध्यात्मिक वातावरण की सराहना करते हुए इसे भारतीय सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक बताया। इस दौरे को सांस्कृतिक आदान-प्रदान और भारत की आध्यात्मिक धरोहर को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में 23-24 फरवरी को राष्ट्रीय संगोष्ठी

## घुमंतू समुदायों और भक्तिकालीन साहित्य पर विशेषज्ञ करेंगे मंथन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की हिंदी अध्ययनशाला 23 और 24 फरवरी को एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कर रही है। यह संगोष्ठी घुमंतू एवं विमुक्त समुदायों की परंपरा, साहित्य-संस्कृति और भक्तिकालीन साहित्य पर केंद्रित होगी। इसमें देशभर से विशेषज्ञ और शोधकर्ता शामिल होंगे।

यह दो दिवसीय आयोजन पीएम उषा योजना के तहत हो रहा है। एमपी कॉन, भोपाल इस संगोष्ठी में सहयोग कर रहा है। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से विशेषज्ञ, शोधकर्ता और विद्वान हिस्सा लेंगे।

विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार शर्मा और मुख्य समन्वयक प्रोफेसर जगदीश चंद्र शर्मा ने बताया कि संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय के वाग्देवी भवन स्थित राष्ट्रभाषा सभागार में होगा। यह प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलेगी।

**दो दिन तक इन विषयों पर होगी चर्चा-** संगोष्ठी के पहले दिन, 23 फरवरी को 'विमुक्त एवं घुमंतू समुदायों की परंपराओं में लोक साहित्य एवं संस्कृति के विविध आयाम' विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में इन समुदायों की सांस्कृतिक विरासत और साहित्यिक योगदान पर गहन चर्चा होगी।

**समापन दिवस, 24 फरवरी को 'भक्तिकालीन साहित्य:** विविध धाराओं का वैशिष्ट्य और युगीन प्रासंगिकता' विषय पर विचार-विमर्श होगा। इसमें भक्तिकालीन साहित्य की विभिन्न धाराओं, उनके सामाजिक प्रभाव और वर्तमान संदर्भ में उनकी प्रासंगिकता पर गहन चर्चा की जाएगी।

# हाजिरी रजिस्टर में उपनिदेशक मिश्र का नाम ही नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



कालिदास संस्कृत अकादमी में उपनिदेशक के रूप में मनोनीत दिनेशकुमार मिश्र पिछले तीन महीने से अकादमी नहीं आए हैं। बावजूद उपस्थिति पूरी दर्शाई जा रही है। उपस्थिति पत्रक को अभिप्रमाणित कर अकादमी प्रबंधन विभागीय मुख्यालय को भेजता आ रहा है। अब यह भी सामने आया है कि उपनिदेशक मिश्र का नाम अकादमी के हाजिरी रजिस्टर में दर्ज तक नहीं किया गया है।

मप्र संस्कृति परिषद् ने 30 जनवरी 2025 को भोपाल के मिश्र का उपनिदेशक के रूप में मनोनयन किया था। उन्हें कालिदास संस्कृत अकादमी में संस्कृत प्रभाग का कार्य देखने की जिम्मेदारी दी गई। मिश्र ने मार्च 2025 में ज्वाइनिंग दी। इसके बाद वे एक बार फिर अकादमी आए। अभा कालिदास समारोह के दौरान वे 4 और 7 नवंबर 2025 को अकादमी आए थे। 7 नवंबर 2025 को समापन समारोह में शामिल होने के बाद वे अब तक अकादमी नहीं आए। इसकी पुष्टि अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे ने भी की है। सवाल यह है कि मिश्र को तीन महीने से अकादमी आए बिना 30 हजार रुपए मानदेय दिया जा रहा है। यह जानकारी भी सामने आई है कि हाजिरी रजिस्टर में उपनिदेशक मिश्र का नाम लिखा ही नहीं गया।

दूसरी उपनिदेशक डॉ. योगेश्वरी फिरोजिया का नाम रजिस्टर में दर्ज है। वे हस्ताक्षर कर हाजिरी लगाती हैं। डॉ. फिरोजिया प्रतिनियुक्ति पर अकादमी में पदस्थ हैं। मिश्र का दावा है कि वे अकादमी आते-जाते रहते हैं। निदेशक का कहना है कि 7 नवंबर 2025 के बाद से मिश्र अकादमी नहीं आए। हाजिरी रजिस्टर में नाम दर्ज नहीं होने के मुद्दे पर निदेशक डॉ. गंधे से बात करने की कोशिश की गई। उन्होंने मोबाइल कॉल रिसीव नहीं किया।

## आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उज्जैन पुलिस ने की बलवा ड्रिल

# भीड़ नियंत्रण और त्वरित कार्रवाई का अभ्यास किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उज्जैन पुलिस ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक विशेष बलवा ड्रिल का आयोजन किया। इस अभ्यास का उद्देश्य भीड़ नियंत्रण और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की क्षमता को सुदृढ़ करना था।

इस ड्रिल का मुख्य मकसद पुलिस बल को आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने, समन्वित कार्रवाई करने और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए तैयार करना था। यह सुनिश्चित किया गया कि पुलिसकर्मी किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने में सक्षम हों।

अभ्यास के दौरान पुलिस जवानों को हथियारों के उपयोग से पहले उनकी दिशा, सीमा और लक्ष्य की सही पहचान करने का प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें यह भी सिखाया गया कि फायरिंग की स्थिति में गोलियों की संख्या और प्रकार का निर्णय परिस्थितियों के अनुसार कैसे लिया जाए।

ड्रिल में यह भी शामिल था कि किसी भी कार्रवाई से पहले भीड़ को स्पष्ट चेतावनी दी जाए और उन्हें कानून का उल्लंघन न करने तथा शांति बनाए रखने के लिए समझाया जाए। पत्थरबाजी जैसी स्थितियों से संयम और रणनीति के साथ निपटने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। घायल व्यक्तियों को तत्काल सहायता पहुंचाने की प्रक्रिया का भी अभ्यास किया गया। आपातकालीन सेवा 112 के माध्यम से घायलों को तुरंत अस्पताल भेजने की व्यवस्था का पूर्वाभ्यास कराया गया, ताकि वास्तविक घटना में किसी भी प्रकार की देरी से बचा जा सके। अभ्यास के दौरान नारेबाजी और भीड़ के उग्र रूप की काल्पनिक स्थितियां बनाई गईं। इससे पुलिस बल को मौके पर त्वरित निर्णय लेने और विभिन्न इकाइयों के बीच समन्वय बनाए रखने का अवसर मिला। उज्जैन पुलिस ने इस अवसर पर स्पष्ट किया कि वह आमजन की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पुलिस प्रशासन आगामी त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

उज्जैन
सोमवार
23
फरवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

बहवो गुरवो लोके शिष्य वित्तपहारकाः।
क्वचितु तत्र दृश्यन्ते शिष्यचित्तापहारकाः॥
अर्थः जगत में अनेक गुरु शिष्य का वित हरण करनेवाले होते हैं, परंतु, शिष्य का चित्त हरण करनेवाले गुरु शायद हि दिखाई देते हैं।

## खबर एक नजर...

### एमबीए की छात्रा से दुष्कर्म का आरोप

**इंदौर।** इंदौर में रहने वाली 24 वर्षीय एमबीए छात्रा ने अपनी सहेली के चचेरे भाई पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में आरोपी बाबूलाल पुत्र सुखलाल गुर्जर निवासी उदयपुर (राजस्थान) के खिलाफ दुष्कर्म और एससी/एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता वर्ष 2021 में अपनी सहेली के साथ एक निजी कोचिंग संस्थान जाती थी। इसी दौरान उसकी पहचान सहेली के बड़े भाई बाबूलाल से हुई। आरोपी अपनी बहन को कोचिंग लाने-ले जाने आता था। बाद में दोनों के बीच इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप पर बातचीत शुरू हुई। 8 जुलाई 2021 से दोनों संपर्क में आए और एक-दूसरे को पसंद करने की बात कही। पीड़िता का आरोप है कि 14 दिसंबर 2021 को इलाके के एक कैफे में मुलाकात के बाद आरोपी ने शादी का दबाव बनाते हुए जनवरी 2022 में व्यासनगर स्थित एक परिचित के घर बुलाया, जहां शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद आरोपी उसे शहर के एक होटल में भी कई बार ले गया और शादी का आश्वासन देकर संबंध बनाता रहा। पीड़िता के मुताबिक आरोपी बीच-बीच में गांव चला जाता था, लेकिन लौटकर फिर होटल में बुलाता और शादी का भरोसा देता। वर्ष 2024 में वह राजस्थान चला गया और संपर्क कम कर दिया। मोबाइल बंद कर लिया। परिवार से पूछने पर भी कोई जानकारी नहीं मिली।

### एमवाय अस्पताल ओपीडी में बिल्लियों पर डीन का नोटिस

**इंदौर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने एमवाय अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉ. अशोक यादव को अस्पताल की ओपीडी में बिल्लियों की मौजूदगी को लेकर नोटिस जारी किया है। नोटिस में कैटवॉक को संक्रमण नियंत्रण, स्वच्छता व्यवस्था और जैव सुरक्षा मानकों के लिए गंभीर खतरा बताया गया है। एक सप्ताह के भीतर सुपरिटेंडेंट को जारी किया गया यह दूसरा नोटिस है। नोटिस में कहा गया है कि अस्पताल के स्टेराइल जोन, वार्ड और विशेष रूप से लक्ष्य/अफ्क जैसे संवेदनशील उपचार क्षेत्रों में किसी भी पशु की मौजूदगी जैविक जोखिम की श्रेणी में आती है। इसे मरीजों की सुरक्षा और संस्थान की प्रतिष्ठा के लिए चिंताजनक बताया गया है। डीन ने सुपरिटेंडेंट को पूरे अस्पताल परिसर का विस्तृत निरीक्षण करने और पशुओं की मौजूदगी पूरी तरह समाप्त करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही हाउसकीपिंग और पेस्ट कंट्रोल एजेंसियों की जवाबदेही तय कर तथ्यात्मक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया है।

### तेज आवाज में बज रहा था डीजे, डेसिबल मीटर ऐप से नापी आवाज

**इंदौर।** इंदौर के खजराना थाना क्षेत्र में तेज आवाज में डीजे बज रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ऐप की मदद से साउंड लेवल चेक किया। इसके बाद पुलिस ने गाड़ी और साउंड सिस्टम जब्त कर केस दर्ज किया। रविवार को मामले की जानकारी दी गई। दरअसल, शहर में लोगों की सुविधा और परेशानियों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित समय के बाद डीजे संचालन कर मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम एवं ध्वनि प्रदूषण नियमों का उल्लंघन करने वाले आयोजकों/संचालकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने दिए हैं। इसी कड़ी में खजराना टीआई मनोज सिंह सेंधव ने एक टीम बनाई है, जो इस क्षेत्र में कार्रवाई कर रही है। मुखबिर से सूचना मिलने पर टीम वेलोसिटी टॉकीज के पास पहुंची, जहां बिना अनुमति डीजे बज रहा था।

### नियम तोड़ने वाले तुरंत ही आते हैं नजर, 111 वाहन चालकों पर हो चुकी है कार्रवाई

# चौराहों पर अब हाई रेजोल्यूशन ड्रोन से नजर

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वालों पर अब पुलिस ड्रोन से भी नजर रख रही है। फिर चाहे वह सिग्नल तोड़ना हो या, लेफ्ट टर्न बाधित करना हो या रोड बाधित करना हो। ट्रैफिक पुलिस ड्रोन से चौराहों पर नजर रखने के साथ ही ऐसे वाहन चालकों पर नजर भी रख रही है। ड्रोन कैमरे की मदद से ट्रैफिक पुलिस अब तक पुलिस 111 लोगों पर कार्रवाई कर चुकी है।



दरअसल, अब ट्रैफिक पुलिस ड्रोन के माध्यम से डिजिटल पेट्रोलिंग कर रही है। ये ड्रोन अलग-अलग चौराहों के साथ ही मार्केट में भी चलाया जाता है। जहां पर गाड़ियों की आवाजाही देखने के साथ ही नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई भी की जाती है।

ड्रोन पेट्रोलिंग के दौरान दो अलग-अलग टीमें काम करती है। एक जो ड्रोन की लाइव वीडियो देखती है और दूसरी टीम मैदान में रहती है। ट्रैफिक पुलिस कंट्रोल रूम पर मौजूद टीम ड्रोन के लाइव वीडियो देखते है। ये वीडियो कंट्रोल रूम में लगे एलईडी पर चलते हैं। इस दौरान अगर कोई नियम को तोड़ता दिखता है तो तुरंत वायरलेस सेट के माध्यम से चौराहे पर मौजूद टीम को इसकी जानकारी दी जाती है और टीम तुरंत संबंधित गाड़ी चालक को रोक कर कार्रवाई करती है। ये ड्रोन हाई रेजोल्यूशन ड्रोन है, जिसकी मदद से साफ और क्लियर वीडियो नजर आते हैं।

इस पर रखा जाता है ध्यान रोड पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले, लेफ्ट टर्न बाधित करने वाले, रॉन्ग साइड गाड़ी चलाने वाले, नो पार्किंग में गाड़ी खड़े करने वाले, दुकानों के बाहर भीड़ जमा कर ट्रैफिक को बाधित करने वालों को चिह्नित कर उनके खिलाफ ट्रैफिक पुलिस कार्रवाई कर रही है। पुलिस कंट्रोल रूम में स्क्रीन पर ड्रोन के माध्यम से पलासिया, गीता भवन चौराहा, इंद्रप्रस्थ चौराहा, इंडस्ट्री हाउस, आनंद बाजार, रीगल आदि चौराहा और इससे लगे प्रमुख रास्तों आदि पर डिजिटल पेट्रोलिंग कर चुकी है। ड्रोन पेट्रोलिंग से नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने, जाम या ट्रैफिक बाधित होने की स्थिति बेहतर कंट्रोल करने, एक्सीडेंट की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया व सहायता पहुंचाने में, रात में भी सड़कों व चौराहों पर बेहतर निगरानी करने में सहायता मिलेगी।

### नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगातार पुलिस कार्रवाई कर रही

चौराहों के साथ मार्केट में भी नजर डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी (प्रभारी ट्रैफिक) ने बताया कि गुरुवार से ही हाई रेजोल्यूशन ड्रोन कैमरे से कार्रवाई करने की शुरुआत की गई है। इन ड्रोन के माध्यम से शहर के अलग-अलग चौराहों के साथ ही मार्केट में भी नजर रखी जाती है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगातार पुलिस कार्रवाई कर रही है। अलग-अलग नियमों का उल्लंघन करने पर ड्रोन के माध्यम से अब तक 111 लोगों पर कार्रवाई की जा चुकी है। ट्रैफिक का काम होने के बाद ड्रोन का इस्तेमाल थानों के शेडो एरिया और इलाके में ड्रोन पेट्रोलिंग के लिए भी किया जा रहा है।

# एमवाय में कैटवॉक: सवालों के घेरे में पेस्ट कंट्रोल, अधीक्षक को नोटिस

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

एमवाय अस्पताल में बिल्लियों की मौजूदगी के मामले में प्रबंधन ने अधीक्षक डॉ. अशोक यादव को नोटिस जारी किया है। साथ ही कहा है कि अस्पताल में व्यवस्थाओं का जायजा लेकर रिपोर्ट पेश करें।

प्रबंधन ने अस्पताल में पेस्ट कंट्रोल और हाउस कीपिंग कंपनी की जवाबदेही तय करने के लिए कहा है। वहीं एक्शन प्लान बनाकर देने के लिए कहा है। नोटिस में कहा है कि अस्पताल के संवेदनशील क्षेत्रों में बिल्लियों की आवाजाही की शिकायतें आई हैं, जिससे संक्रमण नियंत्रण, स्वच्छता व्यवस्था और मरीजों की सुरक्षा पर प्रभाव पड़ने की आशंका है। विशेष रूप से आईसीयू, वार्ड और उपचार क्षेत्रों में पशुओं की मौजूदगी को जैविक खतरे (बायोलॉजिकल हैजार्ड) की श्रेणी में माना गया है।



एमवाय अस्पताल परिसर स्थित ओपीडी के पिछले हिस्से में संक्रमित कचरे का ढेर लगा है। हरे और काले रंग के बैग में भरे इस कचरे से 3000 से ज्यादा मरीजों और उनके परिजन की सेहत को खतरा है। सफाई व सुरक्षा के लिए 600 से ज्यादा कर्मचारियों का अमला अस्पताल में तैनात रहता है, फिर भी ऐसे हालात हैं। सफाई व्यवस्था देख रही कंपनी को तीन महीनों में अस्पताल प्रबंधन छह नोटिस जारी कर चुका है, लेकिन स्थिति सुधरी नहीं है।

**हर 5 मरीज पर 1 कर्मचारी, फिर भी सफाई में कोताही :** रिकॉर्ड के अनुसार अस्पताल में सफाई और सुरक्षा के लिए 621 कर्मचारियों की भारी-भरकम टीम है। इनमें 212 हाउसकीपिंग और 204 मल्टीपर्पस स्टाफ है। 187 सुरक्षा गॉर्ड और 18 डेटा ऑपरेटर। इतनी बड़ी तैनाती के बावजूद ओपीडी के पीछे कचरे का जमा होना यह संकेत देता है कि समस्या बजट या स्टाफ की नहीं, बल्कि अव्यवस्था के कारण बनी हुई है।

### प्रिवेंटिव एक्शन प्लान

- पूरे अस्पताल परिसर का तत्काल निरीक्षण कराया जाए।
- बिल्लियों व अन्य पशुओं की मौजूदगी पूरी तरह समाप्त करने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए।
- हाउसकीपिंग और पेस्ट कंट्रोल एजेंसी की जवाबदेही तय कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।
- भविष्य में ऐसी स्थिति न बने, इसके लिए प्रिवेंटिव एक्शन प्लान तैयार किया जाए।
- संक्रमण नियंत्रण, स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का नियमित पालन सुनिश्चित किया जाए।

# नगर निगम ने दो कोचिंग के बेसमेंट सील किए




ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर


नगर निगम ने शनिवार को दो कोचिंग संस्थानों के बेसमेंट सील किए। कार्रवाई निगमायुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर की गई। दोनों स्थानों पर पार्किंग के लिए स्वीकृत बेसमेंट का अन्य उपयोग किया जा रहा था। जोन क्रमांक 13, वार्ड क्रमांक 74 स्थित स्कॉलर्स अकादमी कोचिंग इंस्टिट्यूट के बेसमेंट में वाहन पार्किंग की स्वीकृत जगह पर टेबल-बेंच लगाकर विद्यार्थियों के लिए कक्षाएं संचालित की जा रही थीं। यह व्यवस्था भवन अनुमति और अग्नि सुरक्षा मानकों के विपरीत पाई गई। निरीक्षण के बाद निगम अमले ने बेसमेंट को सील कर दिया। इसी क्षेत्र में संचालित विद्यापीठ कोचिंग के बेसमेंट में भी पार्किंग क्षेत्र का उपयोग स्टोर रूम के रूप में किया जा रहा था। निरीक्षण में अनियमितता मिलने पर निगम ने यहां भी सीलिंग की कार्रवाई की। निगमायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि व्यावसायिक भवनों के बेसमेंट का उपयोग केवल स्वीकृत उद्देश्य, यानी वाहन पार्किंग के लिए ही किया जाए। नियमों के उल्लंघन पर संबंधित संस्थान या भवन स्वामी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### फरवरी में पहली बार तरबूज की ऐसी आवक, महाराष्ट्र और दक्षिण भारत से

# मंडी में रोज 70 ट्रक पहुंच रहे, शाम तक वह भी कम पड़ रहे

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर में फरवरी में पहली बार देवी अहिल्याबाई फल मंडी में तरबूज की ऐसी आवक देखने को मिल रही है। प्रतिदिन तरबूज के 60-70 ट्रक मंडी पहुंच रहे हैं, लेकिन मांग इतनी ज्यादा है कि शाम तक वह भी कम पड़ रहे हैं। कई बड़े व्यापारियों के यहां चार से पांच गाड़ियां रोज उतर रही हैं। मंडी में थोक में 20-25 रुपए किलो में तरबूज मिल रहे हैं। आमतौर पर होली के बाद तरबूज मंडी पहुंचना शुरू होते हैं।



व्यापारी मुनव्वर शेख के अनुसार इस बार समय से पहले ही तरबूज बड़ी मात्रा में मंडी पहुंच रहे हैं। मौसम में लगातार बदलाव व रमजान के चलते तरबूज की मांग ज्यादा है। मुजम्मिल अंसारी के अनुसार अभी तरबूज मुख्य रूप से महाराष्ट्र और दक्षिण भारत से आ रहा है। फिलहाल मंडी में थोक में 20-25 रुपए किलो में तरबूज मिल रहा है। होली के बाद जब चारों दिशाओं से आवक बढ़ेगी तो भाव 10 से 12 रुपए किलो तक आ सकते हैं।

मंडी में इस सीजन तरबूज की चार किस्में- किरण, शुगर बेबी, मधु और सुपर रेड की आवक हो रही है। किरण तरबूज आकार में बड़ा और अंदर से गहरे लाल रंग का होता है। शुगर बेबी छोटा, लेकिन ज्यादा मीठा माना जाता है। मधु का स्वाद कुछ अलग ही है। सुपर रेड में रस अधिक और छिलका पतला होता है। इसकी मांग सबसे ज्यादा है।

जून-जुलाई तक चलेगा सीजन व्यापारियों के अनुसार तरबूज का सीजन जून-जुलाई तक चलेगा। गर्मी का सीजन तो अभी शुरू ही नहीं हुआ है। आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने के साथ ही इसकी मांग और बढ़ेगी।

## खबर एक नजर...

### ब्लॉक के कारण आज से कई ट्रेन प्रभावित

**उज्जैन।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के मल्हारगढ़ यार्ड-मंदसौर यार्ड के मध्य दोहरीकरण कार्य के चलते 22 फरवरी से 1 मार्च तक रतलाम मंडल की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी।

22 फरवरी को चित्तौड़गढ़ से चलने वाली गाड़ी 79304 चित्तौड़गढ़-रतलाम डेमू 1 घंटे एवं 23 फरवरी को 0.40 घंटे विलंब से प्रस्थान करेगी। 24 फरवरी को जमुना ब्रिज से चलने वाली गाड़ी 19818 जमुना ब्रिज-रतलाम एक्सप्रेस चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। 24 फरवरी को रतलाम से चलने वाली गाड़ी संख्या 19327 रतलाम-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होकर संचालित की जाएगी। 24 फरवरी से 1 मार्च तक उज्जैन से चलने वाली गाड़ी 69231 उज्जैन-चित्तौड़गढ़ पैसेंजर रतलाम रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी और रतलाम से चित्तौड़गढ़ के मध्य निरस्त रहेगी। 24 फरवरी से 1 मार्च तक चित्तौड़गढ़ से चलने वाली गाड़ी 69232 चित्तौड़गढ़-उज्जैन पैसेंजर रतलाम रेलवे स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी और चित्तौड़गढ़ से रतलाम के मध्य निरस्त रहेगी। 25 फरवरी से 1 मार्च तक गाड़ी 79304 चित्तौड़गढ़ रतलाम डेमू मार्ग में आधा घंटा रेगुलेट होगी।

### डोगला में विक्रम विवि का सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

**उज्जैन।** ग्राम डोंगला में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू हुआ। कुलगुरु अर्पण भारद्वाज ने उद्घाटन किया। शिविर 21 से 27 फरवरी तक चलेगा। इस बार की थीम डिजिटल साक्षरता है। उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में डिजिटल जानकारी और जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि उमा शर्मा और ज्योति चौहान थीं।शिविर प्रभारी अजय शर्मा ने गतिविधियों की रूपरेखा बताई। शिविर में डिजिटल जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण क्षेत्र के अधूरे कार्यों को पूरा करने पर काम होगा। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी गतिविधियां भी होंगी। उद्घाटन के दौरान विश्व भाषा दिवस के संदर्भ में विद्यार्थियों ने विभिन्न भाषाओं में प्रस्तुति दी। सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों से संवाद भी प्रस्तावित है।

# उज्जैन पुलिस ने त्योहारों से पहले की बलवा ड्रिल: उज्जैन में भीड़ नियंत्रण और त्वरित कार्रवाई का अभ्यास किया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन पुलिस ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक विशेष बलवा ड्रिल का आयोजन किया। इस अभ्यास का उद्देश्य भीड़ नियंत्रण और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की क्षमता को सुदृढ़ करना था।

इस ड्रिल का मुख्य मकसद पुलिस बल को आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने, समन्वित कार्रवाई करने और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए तैयार करना था। यह सुनिश्चित किया गया कि पुलिसकर्मी किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने में सक्षम हों।

अभ्यास के दौरान पुलिस जवानों को हथियारों के उपयोग से पहले उनकी दिशा, सीमा और लक्ष्य की सही पहचान करने का प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें यह भी सिखाया गया कि फायरिंग की स्थिति में गोलियों की संख्या और प्रकार का निर्णय परिस्थितियों के अनुसार कैसे लिया जाए।

ड्रिल में यह भी शामिल था कि किसी भी कार्रवाई से पहले भीड़ को स्पष्ट चेतावनी दी जाए और उन्हें कानून का उल्लंघन न करने तथा शांति बनाए रखने के लिए समझाया जाए। पत्थरबाजी जैसी स्थितियों से संयम और रणनीति के साथ निपटने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।



घायल व्यक्तियों को तत्काल सहायता पहुंचाने की प्रक्रिया का भी अभ्यास किया गया। आपातकालीन सेवा 112 के माध्यम से घायलों को तुरंत अस्पताल भेजने की व्यवस्था का पूर्वाभ्यास कराया गया, ताकि वास्तविक घटना में किसी भी प्रकार की देरी से बचा जा सके।

अभ्यास के दौरान नारेबाजी और भीड़ के उग्र रूप की काल्पनिक स्थितियां बनाई गईं। इससे पुलिस बल को मौके पर त्वरित निर्णय लेने और विभिन्न इकाइयों के बीच समन्वय बनाए रखने का अवसर मिला। उज्जैन पुलिस ने इस अवसर पर स्पष्ट किया कि वह आमजन की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## ग्लोबल साउथ के 43 राजनयिक उज्जैन पहुंचे

# श्री महाकालेश्वर मंदिर में किए दर्शन, भारतीय संस्कृति को सराहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ग्लोबल साउथ यंग डिप्लोमेट्स फोरम का 43 सदस्यीय अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल रविवार को उज्जैन पहुंचा। इस दल ने श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए। यह दौरा विदेश मंत्रालय के अधीन सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान द्वारा आयोजित किया था। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविख्यात ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर लाभ प्राप्त किया।

मंदिर परिसर में पहुंचने पर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से इंजीनियर शिवाकांत पांडे ने अतिथियों का पुष्पमालाओं और स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को मंदिर की प्राचीनता, धार्मिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्ता से अवगत कराया।

अतिथियों को बताया गया कि उज्जैन स्थित यह ज्योतिर्लिंग देश-विदेश में आस्था का प्रमुख केंद्र है। उन्हें मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस दौरान एक विदेशी नागरिक ने मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि उन्हें भगवान शिव के बारे में बहुत कुछ जानने को मिला और यह एक अच्छा अनुभव रहा। उन्होंने भारत सरकार को धन्यवाद देते हुए यहां की कलाकृतियों की भी प्रशंसा की। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने मंदिर की भव्यता और आध्यात्मिक वातावरण की सराहना करते हुए इसे भारतीय सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक बताया। इस दौरे को सांस्कृतिक आदान-प्रदान और भारत की आध्यात्मिक धरोहर को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।



### मप्र सरकार का बजट समावेशी और विकासोन्मुख है: प्रभारी मंत्री टेटवाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल ने मध्य प्रदेश सरकार के बजट 2026-27 को समावेशी और विकासोन्मुख बजट बताया। उज्जैन के लोकशक्ति भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि बजट तैयार करते समय गांव, गरीब, मजदूर, किसान और युवाओं को प्राथमिकता दी गई है। प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्री के विकास पर विशेष जोर दी गई है। जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

मंत्री टेटवाल ने बताया कि पहले 'ज्ञान' पर जोर दिया जाता था, लेकिन अब 'ज्ञानी' की अवधारणा के साथ बजट तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य प्रदेश के हर क्षेत्र का संतुलित और समग्र विकास सुनिश्चित करना है।उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा का आभार व्यक्त किया। टेटवाल ने कहा कि यह बजट प्रदेश के हर वर्ग के हित में है और विकास की नई दिशा तय करेगा। प्रभारी मंत्री ने धार्मिक और सांस्कृतिक व्यवस्थाओं पर भी विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक प्रावधान किए गए हैं, जिसमें महाकाल मंदिर और मां शिप्रा से जुड़ी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाना शामिल है। महाकाल मंदिर की व्यवस्थाओं को लेकर पूछे गए सवाल पर प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट किया कि मंदिर को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए कुछ निर्णय आवश्यक होते हैं।

# विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में 23-24 फरवरी को राष्ट्रीय संगोष्ठी

### :घुमंतू समुदायों और भक्तिकालीन साहित्य पर विशेषज्ञ करेंगे मंथन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की हिंदी अध्ययनशाला 23 और 24 फरवरी को एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कर रही है। यह संगोष्ठी घुमंतू एवं विमुक्त समुदायों की परंपरा, साहित्य-संस्कृति और भक्तिकालीन साहित्य पर केंद्रित होगी। इसमें देशभर से विशेषज्ञ और शोधकर्ता शामिल होंगे।




यह दो दिवसीय आयोजन पीएम उषा योजना के तहत हो रहा है। एमपी कॉन, भोपाल इस संगोष्ठी में सहयोग कर रहा है। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से विशेषज्ञ, शोधकर्ता और विद्वान हिस्सा लेंगे। विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार शर्मा और मुख्य समन्वयक प्रोफेसर जगदीश चंद्र शर्मा ने बताया कि संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय के वाग्देवी भवन स्थित राष्ट्रभाषा सभागार में होगा। यह प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलेगी।

#### दो दिन तक इन विषयों पर होगी चर्चा

संगोष्ठी के पहले दिन, 23 फरवरी को 'विमुक्त एवं घुमंतू समुदायों की परंपराओं में लोक साहित्य एवं संस्कृति के विविध आयाम' विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में इन समुदायों की सांस्कृतिक विरासत और साहित्यिक योगदान पर गहन चर्चा होगी।

समापन दिवस, 24 फरवरी को 'भक्तिकालीन साहित्यः विविध धाराओं का वैशिष्ट्य और युगीन प्रासंगिकता' विषय पर विचार-विमर्श होगा। इसमें भक्तिकालीन साहित्य की विभिन्न धाराओं, उनके सामाजिक प्रभाव और वर्तमान संदर्भ में उनकी प्रासंगिकता पर गहन चर्चा की जाएगी।

## खबर एक नजर...

### पर्यावरण सुरक्षा हमारी दिनचर्या व ज्ञान परंपरा में शामिल

**उज्जैन।** हमारी ज्ञान परंपरा और जीवन शैली पूरी तरह से पर्यावरण सम्मत और विज्ञान आधारित है। हमारे दैनिक व्यवहार और दिनचर्या में पर्यावरणीय सजगता इस तरह से आत्मसात है कि उसे अलग से देखने या सिखाने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। यह बात शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में प्राचीन काल में पर्यावरणीय संरक्षण की पद्धतियां विषय पर आया ?जित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में एसजीएसआईटीएस इंदौर के निदेशक डॉ. नीतेश पुरोहित ने मुख्य अतिथि के रूप में कही। संगोष्ठी में देश-विदेश से आए विषय विशेषज्ञों ने एक सुर में यह माना कि पर्यावरण संरक्षण हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति, ज्ञान परंपरा और दैनिक जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा रहा है, जिसे आज आधुनिक विज्ञान भी अपना रहा है। अमेरिका स्थित दक्षिणी कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी से आए विशेष वक्ता एवं रिसर्च एसोसिएट डॉ. चेतन रावल ने वैश्विक दृष्टिकोण रखते हुए कहा कि बदलते परिदृश्य में जीव विज्ञान के आधुनिक शोध भी भारत के प्राचीन ज्ञान-विज्ञान की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

### संध्या व शयन आरती पर शुल्क का विरोध

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में वीआईपी व्यवस्था बंद करने और भस्म आरती की तर्ज पर संध्या आरती और शयन आरती दर्शन के लिए ऑनलाइन बुकिंग होगी। इसके लिए भक्तों को 250-250 रुपए प्रति व्यक्ति चुकाना होंगे। मंदिर समिति के इस निर्णय के विरोध में युवा कांग्रेस ने सशुल्क दर्शन व्यवस्था का कड़ा विरोध करते हुए सहायक प्रशासक को ज्ञापन दिया। इस दौरान युवा कांग्रेस जिला के प्रितेश शर्मा, रवि यादव, अंकित यादव, विरम गुर्जर, शैलेंद्र सिंह डोडिया, अर्जुन नरवरे, चेतन पाटीदार, नवीन अगरकर, देव कपूर, आदित्य ठाकुर सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

# परिवहन नीति के विरोध में आज बनेगी रणनीति, 7 दिन में मांगें नहीं मानी तो थमेंगे बसों के चक्के

ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन



उज्जैन सहित प्रदेश के कुछ जिलों में शासन द्वारा मुख्यमंत्री सुगम परिवहन (जन बस) सेवा की शुरूआत करने की तैयारी के बीच इसे लेकर विरोध की प्लानिंग भी होने जा रही है। उज्जैन के करीब 50 बस ऑपरेटर सहित प्रदेशभर के ऑपरेटर्स रविवार को सागर में जुटेंगे। यहां बस संचालन की नीति के विरोध की रणनीति बनाएंगे।

शासन द्वारा मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा, जिसे जन बस सेवा भी कहा जा रहा है, कि संभवतः अप्रैल 2026 से शुरूआत करने की तैयारी की जा रही है। दावा किया जा रहा है कि इस सेवा के माध्यम से प्रदेश में करीब 21 वर्षों के बाद फिर से सरकारी नियंत्रण वाली बसों का संचालन शुरू होगा। यात्रियों को परिवहन की बेहतर सुविधा मिलेगी। इधर, परिवहन की इस नीति का विरोध मप्र बस ऑनर्स एसोसिएशन करने जा रहा है। महामंत्री जयकुमार जैन ने बताया कि सरकार की मंशा है कि प्रदेशभर की सभी बस संचालकों के परमिट निरस्त कर कंपनी के नाम से बसों का संचालन करवाया जाए। इससे बस ऑपरेटरों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। कई लोग बेरोजगार हो जाएंगे। इन्हीं सभी बातों को लेकर रविवार को सागर में प्रदेशभर के बस ऑपरेटर जुटने जा रहे हैं।

बैठक में हम तय करेंगे कि सरकार अपनी नीति को वापस लें और अभी जिस तरह से बसों का संचालन हो रहा है, उसे होने दें। यदि ये मांग सात दिन में नहीं मानी जाती है तो प्रदेशभर में हड़ताल करेंगे। बसों के चक्के थमेंगे। प्रदेशभर में 8 हजार ऑपरेटरों की 28,500 बसों का संचालन होता है। इनमें एक लाख से अधिक चालक-परिचालक सहित अन्य स्टाफ को रोजगार मिला हुआ है।

# महाराष्ट्र सांस्कृतिक मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित, दीपक तारे बने अध्यक्ष

### दासनवमी उत्सव में हुआ दासबोध वाचन व प्रतिभाओं का सम्मान; 19 मार्च को गुड़ी पड़वा पर निकलेगी भव्य शौर्य यात्रा

ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन

महानंदा नगर एवं परिसर, उज्जैन के महाराष्ट्र सांस्कृतिक मंडल द्वारा दासनवमी के उपलक्ष्य में उत्सव और वार्षिक साधारण सभा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के सदस्यों द्वारा दासबोध ग्रंथ के विधिवत पूजन और अध्यायों के वाचन से हुआ, जिसमें श्रीमती व्यास, श्रीमती उमरेकर, श्रीमती अर्चना हरणे, माधवी चंपक एवं ज्योति मेंदालकर आदि ने भाग लिया। इसके पश्चात महाआरती संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन सदाशिव नायगांवकर ने किया, जिन्होंने बताया कि संस्था विगत 29 वर्षों से निरंतर सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। सभा में शिक्षा के क्षेत्र में पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त करने पर राजश्री राजेंद्र जोशी एवं डॉ. संगीता मनोज कार्लेकर का तथा समाज कार्य में सहयोग के लिए श्री कुलश्रेष्ठ भारतीय ज्ञानपीठ स्कूल एवं श्री उपाध्याय गौशाला परिसर का संस्था द्वारा सम्मान किया गया।

# निःशुल्क शिविर में बिना बताए नाड़ी देखकर कर रहे अचूक रोग निदान

### महाकाल वन मेले में प्रथम पुरस्कार विजेता नाड़ी वैद्य द्वारा जड़ी-बूटियों से किया जा रहा जटिल बीमारियों का उपचार

ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन




उज्जैन। हाल ही में उज्जैन के दशहरा मैदान में संपन्न हुए ‚महाकाल वन मेला 2026‛ में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित, जबलपुर के प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल अब उज्जैन में अपनी नियमित सेवाएं देने जा रहे हैं। मरीजों को मिल रहे स्वास्थ्य लाभ को देखते हुए वैद्यजी द्वारा उज्जैन में प्रतिमाह 20 से 24 तारीख तक 5 दिवसीय निःशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इस माह यह निःशुल्क शिविर क्षीरसागर गेट, नई सड़क स्थित प्रकाश टॉकीज की गली के पास ‚जायसवाल धर्मशाला‛ में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का समय प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक रहेगा। माँ दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर एवं पिछले 25 वर्षों से आयुर्वेद चिकित्सा कर रहे वैद्य संतोष आनंद जायसवाल की सबसे बड़ी विशेषता उनका नाड़ी ज्ञान है। उनका दावा है कि मरीज को अपनी बीमारी बताने की आवश्यकता नहीं होती; वे केवल नाड़ी देखकर शरीर के रोगों का सटीक पता लगा लेते हैं और एक ही छत के नीचे सम्पूर्ण समाधान प्रदान करते हैं।

# ग्रहण में पानी से होली खेलने की मनाही,गेर निकाल सकेंगेः चंद्रमा जल का कारक अनिष्ट होने की आशंका



ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन

फाल्गुन पूर्णिमा पर इस वर्ष होली और चंद्र ग्रहण एक ही दिन पड़ रहे हैं। 3 मार्च को ग्रस्त उदित चंद्र ग्रहण रहेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार ग्रहण का सूतक प्रातः 6:47 बजे से प्रारंभ होकर ग्रहण मोक्ष तक प्रभावी रहेगा। शाम 6:47 बजे तक धुलेंडी पर्व पर सूतक का साया रहेगा। ज्योतिषाचार्य बताते हैं कि चंद्रमा को जल का कारक माना जाता है, इसलिए इस बार सूखी होली खेलना ही मंगलकारक है। पानी का उपयोग करने से कई अनिष्ट हो सकते हैं।

उज्जैन के सिंहपुरी, कार्तिक चौक सहित प्रदेश के कई हिस्सों में धुलेंडी पर पारंपरिक गैर निकालने की मान्यता है। ज्योतिषाचार्य पंडित अमर डिब्बेवाला के अनुसार सूतक काल में भी परंपरागत गैर निकाली जा सकेगी, क्योंकि मान्यता है कि परंपरा के कार्य एक प्रहर में किए जाएं तो दोष नहीं लगता।

हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि चंद्र ग्रहण के दिन जल से होली खेलने से बचना चाहिए। चंद्रमा को जल का कारक माना जाता है, इसलिए इस दिन केवल गुलाल से होली खेलना ही उचित रहेगा। जल से होली खेलने पर मानसिक अशांति या नकारात्मक प्रभाव की आशंका बताई गई है।

2 मार्च की रात होलिका दहन किया जाएगा। शाम 5:55 बजे से भद्रा काल प्रारंभ होगा, जो 3 मार्च की सुबह 4:28 बजे तक रहेगा। पंडित डिब्बेवाला के अनुसार भद्रा भू-लोक पर मानी जा रही है, ऐसे में प्रदोष काल में होलिका पूजन करना श्रेष्ठ रहेगा। इस दौरान दान-पुण्य भी किया जा सकता है।

### ग्रहण और सूतक का समय

चंद्र ग्रहण दोपहर 3:19 बजे से शाम 6:47 बजे तक रहेगा। ग्रहण समाप्ति से 12 घंटे पूर्व सूतक काल प्रारंभ हो जाता है। सूतक के दौरान शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं और मंदिरों के पट बंद रखे जाते हैं। ज्योतिषाचार्य ने सलाह दी कि सुबह 6:30 से 9:30 बजे तक बुजुर्ग और मरीज भोजन कर सकते हैं, लेकिन दिन और शाम के समय संयम रखकर भजन-पूजन करना उचित रहेगा।

### ग्रहण का राशियों पर प्रभाव

मेष -अनुकूल रहेगा, मित्रों के माध्यम से सफलता मिल सकती है। वृषभ - प्रयास बढ़ाने होंगे। मिथुन- वाणी और क्रोध पर नियंत्रण करना होगा। कर्क - जलीय राशि होने चलते फायदा रहेगा ज्यादा नहीं सोचें। सिंह - ग्रहण इसी काल खंड में होना है, कोई भी लीगल दस्तावेज बिना सोचे-समझे और पढ़े साइन न करें। कन्या - नई नौकरी और व्यवसाय के आसार बनेंगे। तुला - विशेष व्यक्ति के माध्यम से कार्य पूर्ण हो सकेंगे। वृश्चिक- भूमि भवन के कार्य संपादित होंगे। धनु- नए आयाम और कार्य शुरू कर सकेंगे।

### 5000 का जुमार्ना भी लगा

# उज्जैन में डेढ़ लाख प्रतिबंधित डिस्पोजल जब्तः बिलोटीपुरा में नगर निगम की कार्रवाई

### भारी मात्रा में प्रतिबंधित डिस्पोजल सामग्री जब्त की है

ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन



नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को बिलोटीपुरा क्षेत्र (जोन क्रमांक-1) में बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान भारी मात्रा में प्रतिबंधित डिस्पोजल सामग्री जब्त की गई। यह कार्रवाई शहर में प्रतिबंधित पॉलीथिन और अमानक प्लास्टिक के उपयोग के खिलाफ निगम के अभियान का हिस्सा है।

उपायुक्त संजेश गुप्ता के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में विनायक चौरसिया के निवास से लगभग 1.5 लाख प्रतिबंधित प्लास्टिक ग्लास, कटोरी, चम्मच और अन्य डिस्पोजल सामग्री बरामद की गई। निगम के अनुसार, यह सामग्री अमानक स्तर की और प्रतिबंधित श्रेणी में आती है।

कार्रवाई के समय स्वास्थ्य अधिकारी हरीश व्यास और स्वच्छता निरीक्षक अजय दावरे सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद थी। निगम ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ ?5000 की चालानी कार्रवाई भी की है।

उपायुक्त संजेश गुप्ता ने बताया कि पिछले एक माह में नगर निगम द्वारा यह चौथी बड़ी कार्रवाई है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिबंधित सामग्री के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। जब्त की गई सामग्री को एमआर-5 में सुरक्षित रखा गया है, और इसे नष्ट करने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## खबर एक नजर...

### महावीर इंटरनेशनल ने अस्पताल को भेंट कीं आरामदायक बेंच

**मन्दसौर।** सामाजिक संस्था महावीर इंटरनेशनल ने मानवता की सेवा की कड़ी में सिविल अस्पताल के शिशु उपचार वार्ड में मरीजों के परिजनों के बैठने हेतु बेंच भेंट की हैं। संस्था के अध्यक्ष भागचंद खण्डेलवाल ने बताया कि वार्ड में बैठने की असुविधा को देखते हुए यह पहल की गई है। यह सहयोग कार्यकारिणी सदस्य अभय पोखरना द्वारा अपने पिता स्वर्गीय ज्ञानचंद पोखरना की स्मृति में दिया गया है।

### महिला कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान

मन्दसौर। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी ने मंदसौर प्रवास के दौरान महिला कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने संगठन की मजबूती और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। श्रीमती बोरासी ने स्पष्ट किया कि संगठन की असली शक्ति बूथ स्तर पर है, इसलिए हर कार्यकर्ता को जमीनी स्तर पर सक्रिय होना होगा।

# गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन में महामृत्युंजय मंत्र से दी गईं आहुतियां, दिवंगत सदस्यों का हुआ स्मरण

### गायत्री मंत्र जीवन की दिशा और दशा बदलने का मूल आधारः जे.पी. यादव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी द्वारा समाज हित में जन-जन तक पहुंचाया गया गायत्री मंत्र केवल एक मंत्र नहीं है, बल्कि यह जीवन की दिशा एवं दशा बदलने का मूल आधार है। गायत्री परिजन अपने आदर्श चरित्र, संस्कार एवं नैतिक व्यवहार से समाज में बहु-उपयोगी कार्य कर रहे हैं। जो नियमित रूप से इस मंत्र का जाप करते हैं, वे समाज में प्रतिष्ठित होकर उच्च आदर्शों को प्राप्त करते हैं।

यह प्रेरणादायी विचार गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन में शांतिकुंज के प्रतिनिधि एवं व्यवस्थापक जे.पी. यादव ने व्यक्त किए। वे शक्तिपीठ में आयोजित जन्मदिवस एवं विवाह वर्षगांठ उत्सव के अवसर पर उपस्थित परिजनों को संबोधित कर रहे थे। मीडिया प्रभारी डॉ. प्रभु चौधरी ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि समारोह का भव्य शुभारंभ व्यवस्थापक जे.पी. यादव, डॉ. विनय तिवारी और मनोहर बेलावत द्वारा पंचदेव पूजन से किया गया। पूजन में मंत्रोच्चार रमेश चंद लेवे ने किया, जबकि गायत्री शक्तिपीठ की संगीत टोली की सदस्या श्रीमती बीना साहू, गौरव साहू तथा यशस्वी साहू द्वारा सुमधुर योग संगीत की प्रस्तुति दी गई।

दिवंगत ट्रस्टियों का किया गया भावपूर्ण स्मरण व सम्मान



कार्यक्रम के दौरान मिशन के प्रतिभावान परिजनों के क्रम में दिवंगत ट्रस्टियों एवं सदस्यों का भावपूर्ण स्मरण किया गया। इस अवसर पर उनके चिरंजीवी विनय तिवारी, मनोज तिवारी एवं राजेंद्र तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्री जे.पी. यादव द्वारा तिलक लगाकर एवं ब्रह्ममंत्र दुपट्टा ओढ़ाकर उनका आत्मीय सम्मान किया गया। उत्सव में परिजनों के मंगलमय जीवन के लिए गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र द्वारा यज्ञ में विशेष आहुतियां प्रदान की गईं। इस दौरान प्रवीण राठौर, गीता राठौर, वरिष्ठ परिजन बाबूलाल बाड़ोलिया, योगेंद्र गिरी, बाबूलाल विश्वकर्मा, दक्षता विश्वकर्मा, अनीता चौरसिया, सपना कटारिया, निक्की, अनीता, अवधेश वर्मा, नवीन प्रवेश कुमार, विनायक कनेरिया, विशेष सिंह वर्मा, यश तोमर, कैलाश चंद गुप्ता, आकांक्षा गुप्ता, गंगा भावसार, विनीत विश्वकर्मा, पूजा पांचाल, प्रणव कुमार, कुमारी व्यास और मिष्टी मित्तल ने आहुतियां दीं।

इसी क्रम में जन्मदिवस एवं विवाह वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जितेंद्र गुप्ता, संजय पांचाल, शुभम-सेजल भावसार, अजय-वंदना भावसार, संतोष-रितु, विकास-अनुराधा अग्रवाल, वैभव, प्रियांशु मालवीय, सत्यनारायण-अनुराधा अग्रवाल, अनिल मंगल, श्रीमती कला पोरवाल, सुभाष गुप्ता, माधुरी सोलंकी और ममता निगम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए यज्ञ में आहुतियां अर्पित की गईं।

### बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन आत्मनिर्भर भारत को जमीन पर उतारने का कार्य करेगा- सांसद सुधीर गुप्ता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का बजट विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार करने वाला और जनकल्याण को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला है। यह बात मंदसौर-नीमच-जावरा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता ने जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने बजट की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के मार्गदर्शन में पेश किया गया यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन आत्मनिर्भर भारत को जमीन पर उतारने का कार्य करेगा। सांसद ने इस ऐतिहासिक बजट के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए इसे गरीब, युवा, नारी और किसान की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करने वाला दृष्टिपत्र बताया। सांसद गुप्ता ने आर्थिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय पिछले दो वर्षों में 1 लाख 41 हजार से बढ़कर 1 लाख 69 हजार रुपये हो गई है, जो सरकार की प्रभावी नीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम है। उन्होंने बताया कि बजट में पूंजीगत व्यय को बढ़ाया गया है, जिससे आधारभूत संरचना का विकास होगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके तहत सिंचाई रकबे को बढ़ाने, एक लाख सोलर पंप देने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण पर चर्चा करते हुए सांसद ने कहा कि लाड़ली बहना योजना के लिए 23 हजार करोड़ से अधिक का प्रावधान और कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल निर्माण जैसे कदम महिला सुरक्षा और स्वावलंबन को नई मजबूती देंगे।

# सैलाना रोड पर जैविक हाट का शुभारंभ, हर रविवार मिलेगा शुद्ध जैविक उत्पाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

राज्य शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषक वर्ष घोषित किए जाने के क्रम में रतलाम जिले में जैविक हाट मेले का शुभारंभ कृषि उपज मंडी सैलाना रोड (बस स्टैंड के पास) किया गया। यह हाट अब प्रत्येक रविवार सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होगा, जहां गेहूं, दालें, सब्जियां, फल, दूध, दही, छाछ, घी, शहद सहित विभिन्न जैविक उत्पाद उपलब्ध रहेंगे।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय, नगर पालिका निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा मनोज शर्मा, एसडीएम शहर सुश्री आर्ची हरित, परियोजना संचालक श्री निर्भय सिंह नरेंश, उप संचालक उद्यानिकी श्री मंगल सिंह डोडवे सहित किसान संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

**जैविक खेती आज की आवश्यकता**

जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि जैविक उत्पादों के विक्रय से आमजन को शुद्ध भोजन सामग्री उपलब्ध होगी। निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा ने इसे समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इससे किसानों को मंच और शहरवासियों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिलेगी।



किसान संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि जैविक खेती से ही स्वस्थ भारत का सपना साकार होगा। किसानों ने यह भी बताया कि जैविक उत्पादों का विपणन चुनौतीपूर्ण है, लेकिन उपभोक्ता यदि शुद्ध भोजन चाहते हैं तो उचित मूल्य देने के लिए भी तैयार रहें।

**गौ आधारित खेती पर जोर**

बिलपाक के जैविक कृषक श्री विक्रम पाटीदार ने बताया कि देसी गाय के गोमूत्र और गोबर में अनेक प्राकृतिक तत्व होते हैं, जिनसे 5 से 20 बीघा तक जैविक खेती संभव है। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष श्री ललित पालीवाल ने जीवामृत के माध्यम से जहरमुक्त फसल उत्पादन पर बल दिया।

एसडीएम सुश्री आर्ची हरित ने जानकारी दी कि कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशन में जैविक खेती को मिशन के रूप में लिया गया है। जिले की 419 पंचायतों में जैविक खेती के प्रसार के लिए जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तर पर मास्टर ट्रेनर तैयार किए जा रहे हैं, जो किसानों को प्रशिक्षण और मार्गदर्शन देंगे।

कार्यक्रम में विभिन्न विकासखंडों से आए जैविक किसानों का अतिथियों द्वारा स्वागत किया गया। आयोजन कलेक्टर के निर्देशन में उप संचालक सह परियोजना संचालक आत्मा श्री निर्भय सिंह नरेंश, मंडी सचिव श्रीमती लक्ष्मी भवर, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग तथा मंडी टीम द्वारा किया गया। अंत में आभार उप संचालक उद्यानिकी श्री मंगल सिंह डोडवे ने व्यक्त किया।

### मावठे की बारिश से फसल नुकसान का आंकलन जारी

**रतलाम।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशानुसार मावठे की बारिश से हुई फसल क्षति का आंकलन करने के लिए राजस्व एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले द्वारा लगातार मौके पर जाकर निरीक्षण किया जा रहा है। आज जिले की सभी तहसीलो में संयुक्त दल द्वारा भ्रमण कर फसल क्षति का आंकलन किया गया । दल सभी गांवो का चरणबद्ध तरीके से भ्रमण करेगा एवं फसल की जानकारी कलेक्टर कार्यालय को तहसीलदार के माध्यम से प्रेषित की जाएगी।

# नीमच जिले में गिद्धों की गणना संपन्न, 507 गिद्ध पाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

22 फरवरी प्रदेश में गिद्धों की संख्या और उनकी स्थिति का आंकलन करने के सर्वेक्षण में नीमच जिले में 3 दिवसीय शीतकालीन गिद्ध गणना 20, 21, और 22 फरवरी , 2026 को आयोजित की गई।

वन मंडलाधिकारी नीमच श्री एस के अटोदे के मार्गदर्शन और एस डी ओ फॉरेस्ट श्री दशरथ अखंड के नेतृत्व में वन विभाग द्वारा गिद्धों की गणना की गई। पहली बार गणना ऐप के माध्यम से दर्ज की गई। उपवन मंडल अधिकारी श्री दशरथ अखंड ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मृत पशुओं का मांस खाने वाले प्राकृतिक सफाईकर्मी गिद्धों की संख्या पशुपालकों द्वारा दर्द निवारक दवा डिक्लोफेनेक के उपयोग के कारण विलुप्ति की कगार पर आ गई थी। वन विभाग के लगातार संरक्षण प्रयासों से प्रति वर्ष इनकी संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। नीमच, मनासा, रामपुरा, जावद और रतनगढ़ वन रेंज तथा जिले की राजस्व भाग में की गई इस गणना में 507. गिद्ध पाए गए। इसमें मध्य प्रदेश में पाए जाने वाली कुल 7 प्रजातियों में से 3 प्रजाति सफेद इजिप्टियन गिद्ध, सफेद पीठ वाले व्हाइट रैम्प्ड वल्चर, और इंडियन लॉन्ग बिल्ड वल्चर प्रजातियों को जमीन व पेड़ पर या घोंसलों में बैठे वयस्क, अवयस्क गिद्धों की प्रजातिवार संख्या, उनके आवास, पेड़ो आर विश्राम करते हुए, घोंसलों में शिशुओं के साथ , भोजन करते हुए, नदी नाले के पास पानी में देखे गए गिद्धों की गणना ऐप में दर्ज की गई। गणना के दौरान सख्ती से इस बात का पालन किया गया कि केवल पेड़ों/चट्टानों पर बैठे गिद्धों को गिना जाए. उड़ते हुए गिद्धों को गिनती में शामिल नहीं किया जाता. सूर्योदय से ९ बजे तक चले इस गणना कार्य में वन परिक्षेत्र रतनगढ़, जावद के रेंजर श्री विपुल , रामपुरा के रेंजर श्री भानुप्रताप सिंह सोलंकी, सभी डिप्टी रेंजर्स व अन्य स्टाफ सहित जिले के वॉलिंटियर्स सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक, प्राणिशास्त्र डॉ साधना सेवक के साथ नीमच के विशेषज्ञ एवं छात्र निकिता यादव, अनमोल यादव, इंदरजीत सिंह , प्रिंस शर्मा, हर्षल चौहान, अंजली शर्मा, भाग्यश्री पंवार मल्हारगढ़ के अक्षय यति, नीमच के इन्फ्लूएंसर विवेक शर्मा, साथ ही रामपुरा के प्राध्यापक डॉ लखन सिंह यादव, डॉ सुषमा सोलंकी आदि उपस्थित थे।



### गाँधीसागर अभयारण्य बना गिद्धों का सुरक्षित बसेरा, संख्या 1084 पहुँची

मंदसौर। जिले का गाँधीसागर वन्यप्राणी अभयारण्य गिद्धों के संरक्षण के मामले में अग्रणी केंद्र बनकर उभरा है। हाल ही में संपन्न हुई गिद्ध गणना के अनुसार, यहाँ कुल 1084 गिद्ध पाए गए हैं। इनमें भारतीय गिद्ध, राज गिद्ध और सफेद पीठ वाले स्थानीय गिद्धों के साथ-साथ हिमालयन ग्रिफन और सिनेरियस जैसे विदेशी प्रवासी गिद्ध भी शामिल हैं। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, चंबल की ऊँची चट्टानें और मानवीय हस्तक्षेप का अभाव इन पक्षियों के प्रजनन के लिए सबसे अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। अभयारण्य में 120 सक्रिय घोंसलों का मिलना इस क्षेत्र के मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र को दशार्ता है।

### हिस्ट्रीशीटर हर्ष उर्फ कटोरा की सड़क हादसे में मौत, 16 से ज्यादा केस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

धार जिले के बदनावर तहसील अंतर्गत कोद-बिड़वाल मार्ग पर सड़क हादसे में रतलाम के पीपल चौक निवासी 21 वर्षीय हर्ष उर्फ कटोरा पुत्र संतोष पंवार की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम उपरांत स्वजन शव को अंतिम संस्कार के लिए पैतृक गांव इंदौर के देपालपुर ले गए। जानकारी के अनुसार हर्ष अपनी नानी के यहां बिड़वाल में रह रहा था। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात बाइक से कोद-बिड़वाल मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान मार्ग पर एक मोड़ के पास उसकी बाइक असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। रविवार सुबह मार्ग से गुजर रहे लोगों ने सड़क किनारे क्षतिग्रस्त बाइक देखी। समीप की झाड़ियों में हर्ष को मृत अवस्था में पड़ा देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल पहुंचाकर स्वजन को घटना की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार हर्ष के जबड़े सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं।

## खबर एक नजर...

### यादव जी की लव स्टोरी के खिलाफ नारायणी सेना का आक्रोश

**नीमच।** जिले के धनेरिया कलां, में नारायणी सेना अहीर यादव समाज द्वारा प्रस्तावित फिल्म यादव की लव स्टोरीज़ के विरोध में पुरजोर प्रदर्शन किया गया। समाज के लोगों ने हाथों में पोस्टर लेकर शांतिपूर्ण ढंग से अपना आक्रोश व्यक्त किया और प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि 27 फरवरी को यह फिल्म रिलीज की जाती है, तो यादव अहीर समाज सड़कों पर उतरकर व्यापक विरोध प्रदर्शन करेगा। नारायणी सेना जिला अध्यक्ष हरीश अहीर, प्रभारी जितेंद्र अहीर, जिला महामंत्री निखिल अहीर, नगर उपाध्यक्ष सुभाष अहीर, तहसील अध्यक्ष प्रकाश अहीर, ग्रामीण अध्यक्ष बंटी अहीर सहित अहीर यादव समाज की पूरी टीम ने एकजुट होकर कहा कि इस फिल्म के माध्यम से समाज की छवि को गलत ढंग से प्रस्तुत किए जाने की आशंका है।

### वीर हनुमान यात्रा को लेकर घर-घर पीले चावल देकर निमंत्रण देगी मातृ शक्ति

**मन्दसौर।** श्री वीर हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर नगर में भव्य वीर हनुमान यात्रा निकाली जाएगी। इसकी तैयारियों को लेकर मातृ शक्ति मंडल की बैठक किन्नर गुरु अनीता दीदी के सानिध्य में संपन्न हुई। इस बार यात्रा का मुख्य आकर्षण भगवान श्री तलाई वाले बालाजी का हूबहू विग्रह होगा, जो आकर्षक रथ में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि मातृ शक्ति की महिलाएं घर-घर जाकर पीले चावल भेंट करेंगी और श्रद्धालुओं को इस भव्य आयोजन में शामिल होने का निमंत्रण देंगी। यात्रा तलाई वाले बालाजी मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी और सामूहिक हनुमान चालीसा व महाआरती के साथ संपन्न होगी।

### गरोठ में 25 को युवा संगम रोजगार मेला

**मंदसौर।** शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा 25 फरवरी को गरोठ के शासकीय एसएन उदिया महाविद्यालय में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियां जैसे टाटा, महिंद्रा, मारुति सुजुकी और एचडीएफसी फाइनेंस युवाओं का साक्षात्कार लेंगी। मेले में 8वीं पास से लेकर स्नातक और डिप्लोमाधारी युवा भाग ले सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों को विभिन्न पदों पर 8 से 23 हजार रुपये तक का मासिक वेतन दिया जाएगा। इच्छुक आवेदकों को अपने शैक्षणिक दस्तावेजों, बायोडाटा और फोटो के साथ सुबह 10 बजे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होने की सूचना दी गई है।

### स्कूल बस की टक्कर से एक की मौत, दो गंभीर

**मंदसौर।** जिले के धमनार में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक की जान चली गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, रतलाम जिले के तीन युवक एक ही बाइक पर सवार होकर धमनार आए थे, जहाँ उनकी टक्कर दलोदा पब्लिक स्कूल की बस से हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि २२ वर्षीय कन्हैया लाल की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों का उपचार जिला चिकित्सालय में चल रहा है, जहाँ उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने बस को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

### शासन की निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार स्कूल बसों की जांच

**रतलाम।** जिला परिवहन अधिकारी जगदीश बिल्लौरे ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के आदेशानुसार जिले में स्कूल बसों की निरंतर चेकिंग की कार्यवाही जारी है। जिला परिवहन अधिकारी जगदीश बिल्लोरे एवं कार्यालयीन स्टाफ के द्वारा 21 फरवरी को जिले में स्थित स्कूलों में संचालित होने वाली बसों की चेकिंग की गई।

# सेवा दल ने किया मासिक ध्वज वंदन भाजपा कार्यकर्ता कर रहे हैं कांग्रेस जनों पर हमला-गौतम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ देवास

कांग्रेस सेवा दल ने रविवार को जवाहर चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय के बाहर मासिक झंडा वंदन का कार्यक्रम सेवादल के जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह दरबार के नेतृत्व में आयोजित किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के नेता विपक्ष का मुंह बंद करना चाहते हैं वे चाहते हैं कि विपक्ष पूरी तरह से समाप्त हो जाए शनिवार को प्रदेश के अनेक कांग्रेस कार्यालयों पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जनों पर हमला किया कई कांग्रेस जनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया प्रजातंत्र में इस तरह की घटना का कोई स्थान नहीं है। जबकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कभी भी इस तरह का कृत्य नहीं किया जो प्रजातंत्र को कलंकित करें।

हमारे पास सेवादल जैसा अनुशासित संगठन है जो कांग्रेस की रीड की हड्डी है हम महात्मा गांधी के अनुयाई है और सत्य और अहिंसा में भरोसा रखते हुए काम करते हैं। सेवालाल ने मासिक झंडा वंदन का जो कार्यक्रम आयोजित किया है वह बहुत ही सराहनीय है। साथ ही सेवा दल के जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह दरबार ने सेवा दल की जानकारी देते हुए संचालन किया। इस अवसर पर राष्ट्रगीत, ध्वज गीत, राष्ट्रगान भी गाया गया।



कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता भगवान सिंह चावड़ा सुधीर शर्मा विक्रम मुकाती राम कुमावत विश्वजीत सिंह चौहान जितेंद्र सिंह गौड़ पोप सिंह परिहार राजेंद्र सिंह बेस दिलीप सिंह सोलंकी कैलाश पटेल हाफिज घोसी पंकज वर्मा कल्याण सिंह पवार गोविंद मालतारे प्रेम नारायण पटेल कालू सिंह लखन लोधी विकास पटेल सुभाष यादव अनिल भाट गजेंद्र सिंह तोमर मनीष मंगलेश्वरी बाबूलाल गुजराती मदन लाल मुकाती हाफिज घोसी बलराम पटेल धर्मेंद्र पटेल मलखान सिंह देवड़ा राकेश पाटीदार भूपेश पालीवाल महेंद्र धारू धर्मेंद्र पटेल ईश्वरलाल देवानिया ईश्वर अरोड़ा राजेश एरावल प्रहलाद नागर राजेश देवड़ा मनीष मंगलेश्वरी बलराम यादव सुभाष यादव राजेश शिप्रा कालू सिंह, जय प्रकाश मालवीय विकास पटेल बाबूलाल गुजराती,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे। अंत में आभार यंग ब्रिगेड अध्यक्ष गुलाब सिंह ठाकुर ने माना।

### 27 फरवरी को आमलकी एकादशी, शुभ योग में होगी विष्णु उपासना

**सुसनेर।** फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी 27 फरवरी को आमलकी एकादशी के रूप में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाएगी। इसे आंवला एकादशी एवं रंगभरी एकादशी भी कहा जाता है। इस वर्ष यह एकादशी चार अत्यंत शुभ योगों के दुर्लभ संयोग में आ रही है, जिससे इसका धार्मिक महत्व और अधिक बढ़ गया है।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार एकादशी तिथि सूर्योदय के साथ प्रारंभ होकर पूरे दिन रहेगी। उदया तिथि होने के कारण व्रत एवं पूजन 27 फरवरी, शुक्रवार को ही किया जाएगा। श्रद्धालु प्रातः स्नान के बाद भगवान विष्णु का विधि-विधान से पूजन करेंगे तथा आंवला वृक्ष की परिक्रमा कर अर्चना करेंगे। इस दिन रवि योग प्रातः 6:48 से 10:48 बजे तक, सर्वार्थ सिद्धि योग 10:48 बजे से अगले दिन प्रातः तक, आयुष्मान योग सूर्योदय से सायं तक तथा इसके बाद सौभाग्य योग का प्रारंभ होगा। इन शुभ मुहूर्तों में पूजा-पाठ, दान और मांगलिक कार्य विशेष फलदायी माने गए हैं।

## ट्रेडडील के विरोध में किसान महापंचायत में गरजेंगे राहुल गांधी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मल्हारगढ़

भारत अमेरिका की ट्रेडडील के विरोध में 24 फरवरी को आयोजित किसान महापंचायत में लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष खड़गे जी मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी,पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह कमलनाथ जी सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेतागण इस किसान महा चौपाल को संबोधित करेंगे।मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा, बाबुखा मेवाती,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गणपत पंवार हरमाला,अनिल मुलासिया, युवक कांग्रेस नेता राहुल अहीर ने बताया कि जिला कांग्रेस के प्रभारी मनोज राजानी, जिला कांग्रेस के अध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर, विधानसभा से क्षेत्र के प्रत्याशी रहे एवं प्रदेश कांग्रेस के सचिव परशुराम सिसोदिया की अगुवाई में मल्हार गढ़ विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में किसानों के साथ कांग्रेसजन भोपाल पहुँच कर ट्रेडडील के विरोध में होने वाली महापंचायत में अपनी आवाज को बुलंद करेंगे। शर्मा ने बताया कि ट्रेडडील से अमेरिका कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क शून्य किया गया तो इससे भारतीय किसानों को भारी नुकसान होगा।इससे स्थानीय किसानों की फसलों के दाम गिरेंगे ओर किसान आत्महत्या को मजबूर होंगे।

शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ट्रम्प के आगे नतमस्तक है और यह ट्रम्प की कठपुतली बनी हुई है।कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में पहले से दुःखी एवं परेशान किसानों के लिए इस डील के विरोध में किसानों के हित मे लड़ाई लडकर उन्हें न्याय दिलाएंगे। कांग्रेसनेताओ ने 24 फरवरी को आयोजित किसान महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुचने का आव्हान किया है।

### गाइड्स ने किया श्रमदान

**मन्दसौर।** शिवना शुद्धिकरण अभियान के 92वें दिन नदी तट पर जनभागीदारी का अनूठा संगम देखने को मिला। रविवार सुबह नियमित श्रमदानियों के साथ बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड के बच्चे भी सफाई अभियान में जुटे। इन नन्हे स्वयंसेवकों ने नदी के किनारों से भारी मात्रा में प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट एकत्र कर उसे नष्ट करने हेतु निर्धारित स्थान पर पहुँचाया। विधायक विपिन जैन ने बच्चों के इस जज्बे की सराहना की।

## बीएमओ को अनुपस्थित डॉक्टरों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंगोरिया



कलेक्टर रोशनकुमार सिंह और जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कुमार कुमठ ने अचानक इंगोरिया और चिकली का दौरा किया। जिला कलेक्टर ने इंगोरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और ग्राम पंचायत के निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवन का निरीक्षण किया। बी एम ओ डॉक्टर विजयेंद्र सिंह अजनार को निर्देश दिए कि डॉक्टर और सभी स्टॉफ समय पर अस्पताल में उपलब्ध रहे। अस्पताल में ड्यूटी रजिस्टर देखा, ओपीडी में दवाई वितरण, दवाई की उपलब्धता की जानकारी ली। बी एम ओ डॉक्टर विजयेंद्र सिंह अजनार को बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टरों को नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए। साथ ही सभी प्रसव संस्थागत हो यह सुनिश्चित किया जाए। शासकीय योजना संकल्प से समाधान की समीक्षा की।

विद्युत डी पी की वजह से आंगनवाड़ी भवन का निर्माण रुका इंगोरिया ग्राम पंचायत द्वारा लगभग 12 लाख रुपए की लागत से बनाए जा रहे नवीन आंगनवाड़ी भवन के रुके निर्माण कार्य को शीघ्र चालू करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने विद्युत डी पी शिफ्ट कर तुरंत आंगनवाड़ी भवन का निर्माण प्रारंभ किया जाने के निर्देश दिए।

### चिकली आरोग्य मंदिर को साफ सुथरा रखने के निर्देश

चिकली में पी एम श्री शासकीय एकीकृत विद्यालय, आयुष्मान आरोग्य मंदिर और ग्राम पंचायत भवन देखा। आरोग्य मंदिर निरीक्षण के दौरान साफ सफाई पर ध्यान के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सचिव व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को 30 सितंबर तक 6 वर्ष के सभी बच्चों की समग्र आई डी, आधार आई डी और जन्म प्रमाण पत्र बनवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्यालय स्थित आई सी टी लेब सह डिजिटल लाइब्रेरी का अवलोकन किया बोर्ड परीक्षाओं की संचालन व्यवस्था देखी। उन्होंने उपस्थित शासकीय अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि 6 वर्ष तक के सभी बच्चों को शाला प्रवेश सुनिश्चित किया जाए।

### देवास में चलती ट्रेन में चढ़ते समय बुजुर्ग की मौत: पैर फिसलने से ट्रैक पर गिरे

**देवास।** रेलवे स्टेशन पर शनिवार को चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। संतुलन बिगड़ने और पैर फिसलने के कारण वे ट्रेन की चपेट में आ गए। मृतक की पहचान देवास निवासी यूसुफ कमरी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, यूसुफ कमरी ऊना से इंदौर जा रही हिमाचल एक्सप्रेस में सवार होने का प्रयास कर रहे थे।

### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील खाचरोद जिला उज्जैन (म.प्र.)

**मामले का विषय- निवासी बरखेड़ा जावरा ग्राम स्थित भूमि वसीयत के आधार पर नामान्तरण विषयक**

**प्रकरण क्रमांक :- 1239/अ-6/2025-26**

**चन्द्रप्रकाश पिता मांगीलाल जाति जैन**

**विरुद्ध**

**सर्वसाधारण म.प्र. शासन**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रार्थी चन्द्रप्रकाश पिता मांगीलाल जाति जैन निवासी 25, सागरमल मार्ग खाचरौद कृषक ग्राम बरखेडाजावरा तहसील खाचरौद जिला उज्जैन द्वारा इस न्यायालय के समक्ष मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत ग्राम बरखेडाजावरा स्थित भूमि सर्वे नंबर 153 रकबा 0.18 हे0, सर्वे नंबर 155 रकबा 0.34 हे०, सर्वे नंबर 156/1 रकबा 0.12 हे0, सर्वे नंबर 167 रकबा 0.33 हे०, सर्वे नंबर 172 रकबा 0.03 हे० कुल किता 05 कुल रकबा 1.00 हेक्टयर स्थित है। जिसमें कृषक मांगीलाल पिता सेवाराम जी चौरडिया महाजन का स्वर्गवास हो गया है। आवेदक चन्द्रप्रकाश पिता मांगीलाल जाति जैन निवासी 25, सागरमल मार्ग खाचरौद कृषक ग्राम बरखेडा जावरा तहसील खाचरौद जिला उज्जैन द्वारा वसीयत के आधार पर नामान्तरण करवाने हेतू आवेदन पेश किया गया है। उपरोक्त भूमि के नामान्तरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो निश्चित तारीख 27/2/26 को या उसके पूर्व स्वंय या विधिक अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति स्वीकार नही होगी। मेरे हस्ताक्षर द्वारा तथा कार्यालय की मोहर के अधीन आज दिनांक 18/02/2026 को जारी किया गया ।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील खाचरौद, जिला उज्जैन**




# फिल्म कॉकटेल 2 की कहानी लीक

## शाहिद कपूर बने लव ट्रायंगल का तीसरा एंगल, रश्मिका-कृति का लेस्बियन रोमांस चर्चा में

बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म कॉकटेल 2 को लेकर एक नई बड़ी खबर सामने आई है जिसमें फिल्म की स्टोरी रिलीज से पहले ही लीक होने का दावा किया जा रहा है। इस खबर के अनुसार, लीक हुई कहानी में शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन के किरदारों के बारे में असाधारण अपडेट सामने आया है।

रिपोर्ट मुताबिक फिल्म में रश्मिका मंदाना और कृति सेनन एक-दूसरे से प्यार करने वाली लड़की-लड़की के किरदार में नजर आ सकती हैं। यानी दोनों एक लेस्बियन कपल का रोल निभा सकती हैं, जो इस फिल्म को बॉलीवुड में एक अलग तरह का रोमांटिक एंगल देगा। वैसे इस तरह की कहानी को लेकर मेकर्स ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन रिपोर्ट्स में यही दावा किया जा रहा है कि इनके बीच का प्यार ही फिल्म की सबसे बड़ी कहानी बन सकता है। ऐसे में शाहिद कपूर की भूमिका को तीसरे कोण के रूप में बताया जा रहा है, जो इस प्रेम कहानी के बीच में आता है और एक लव ट्रायंगल की शक्ल लेता है। ये प्रेम त्रिकोण फिल्म को आधुनिक रिश्तों के अलग-अलग पहलुओं पर केंद्रित करने की कोशिश दिखाता है और पारंपरिक रोमांटिक कहानियों से हटकर कुछ नया पेश करता है।

### नई वेब सीरीजः दिव्या दत्ता की 'चिरैया' का टीजर आउट

# घरों में महिलाओं पर होने वाले अन्याय पर बेस्ड स्टोरी






दिव्या दत्ता की नई वेब सीरीज ह्यचिरैया' का टीजर आ गया है। यह टीजर भारतीय घरों में होने वाले अन्याय पर सवाल उठाता है। इस टीजर की शुरूआत एक शादी के खुशी भरे मंजर से होती है। एक नई दुल्हन, पूजा, बेहतर जिंदगी की उम्मीद के साथ नया जीवन शुरू करती दिखती है, लेकिन अचानक एक डरावना मोड़ सामने आता है, जिसमें दुल्हन को छत पर उदास और सदमे में दिखाया जाता है। उसके चेहरे पर आंसू हैं और शरीर पर चोट के निशान दिखते हैं।

सीरीज की कहानी शादी के जश्न के पीछे एक कड़वी सच्चाई के बारे में है। यह सीरीज सवाल उठाती है कि क्या शादी के बाद अगर पति अपनी पत्नी पर किसी भी तरह का दबाव डाले, तो क्या यह सही है? शादी कोई लाइसेंस नहीं है और हर बार चुप रहना का मतलब हां नहीं होता।

20 सेकेंड का टीजर इतना बताने के लिए काफी है कि इस सीरीज में कितना गंभीर और सेंसिटिव सब्जेक्ट उठाया गया है। 'चिरैया' का टीजर इस बात पर विचार करने का आग्रह करता है कि शादी कोई लाइसेंस नहीं है और चुप्पी को सहमति नहीं समझना चाहिए।

### संजय मिश्रा और टीनू आनंद का भी रोल

दिव्या ने ह्यचिरैया' को लेकर कहा, ह्यहम अक्सर रिश्ते बचाने या शांति बनाए रखने के नाम पर खुद को चुप कर लेते हैं। शादी को बिना सवाल किए सहमति मान लिया जाता है और त्याग को इतना रोमांटिक बना दिया जाता है कि दर्द गायब हो जाता है।' वेब सीरीज शशांत शाह के निर्देशन में बनी है। इसमें संजय मिश्रा, सिद्धार्थ शॉ, प्रसन्ना बिष्ट, फैसल राशिद, टीनू आनंद और सरिता जोशी भी हैं।



# सलमान के पिता सलीम खान अस्पताल में भर्ती

## आज डिस्चार्ज हो सकते हैं राइटर, शाहरुख समेत कई सेलेब्स मिलने पहुंचे थे

सलमान खान के पिता और स्क्रिप्ट राइटर सलीम खान को ब्रेन हेमरेज के बाद वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। उम्मीद की जा रही है कि आज सलीम खान डिस्चार्ज हो सकते हैं। दरअसल, 18 फरवरी को लीलावती अस्पताल के डॉक्टर ने सलीम खान की हेल्थ अपडेट दी थी। हालांकि, उसके बाद परिवार की ओर से मेडिकल अपडेट सार्वजनिक न करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद उनकी हेल्थ को लेकर कोई आधिकारिक अपडेट सामने नहीं आई।

रिपोर्ट के मुताबिक, 20 फरवरी को एक्टर एजाज खान अस्पताल पहुंचे थे। मुलाकात के बाद उन्होंने बताया था कि सलीम खान की हालत में सुधार हो रहा है। सब कुछ ठीक रहा तो सोमवार यानी 23 फरवरी तक वह डिस्चार्ज हो जाएंगे।

बता दें कि सलीम खान का हाल जानने कई सेलेब्स पहुंचे। 21 फरवरी को देर शाम शाहरुख खान अस्पताल पहुंचे। इससे पहले रणवीर सिंह, फराह खान, आमिर खान और जावेद अख्तर भी आए थे।

सलीम खान को 17 फरवरी को सुबह ब्रेन से जुड़ी दिक्कत के बाद लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें सुबह करीब 8:30 बजे इमरजेंसी में लाया गया। शुरुआती जांच के बाद डॉक्टरों की एक स्पेशल टीम बनाई गई, जिसने उनकी स्थिति का आकलन किया।

18 फरवरी को लीलावती अस्पताल के डॉक्टर जलील पारकर ने जानकारी दी थी कि सलीम खान की डिजिटल सब्ट्रैक्शन एंजियोग्राफी की गई। डॉक्टरों के मुताबिक, यह ब्रेन सर्जरी नहीं है। डीएसए एक एडवांस्ड डायग्नोस्टिक टेस्ट है, जिससे ब्रेन की नसों की स्थिति और संभावित ब्लॉकेज को साफ तरीके से देखा जाता है।

डॉक्टरों ने बताया था कि प्रक्रिया के बाद सलीम खान की हालत स्थिर रही। उन्हें कुछ समय तक निगरानी में रखने का फैसला लिया गया। मेडिकल टीम लगातार उनकी रिकवरी पर नजर बनाए हुए है।

### हैदराबाद एयरपोर्ट पर दिखे विजय-रश्मिका, एक्ट्रेस ने कनफर्म की शादी

# दिल्ली का बैंड हायर किया, 230 गेस्ट शादी में होंगे शामिल

विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना शादी की खबरों से सुर्खियों में हैं। दावा किया जा रहा है कि कपल 26 फरवरी को उदयपुर में शादी करने वाले हैं। इसी बीच कपल को हैदराबाद एयरपोर्ट से रवाना होते हुए स्पॉट किया गया है। इससे पहले दोनों की शादी का एक कार्ड भी वायरल हो चुका है।

हैदराबाद एयरपोर्ट में रश्मिका मंदाना टीका लगाई दिखीं। हालांकि इस दौरान उन्होंने मास्क से चेहरा कवर किया हुआ था। उन्होंने कूल हाफ स्लीव्स टी-शर्ट के साथ ब्लैक लोवर और ब्लैक शूज पहने हुए थे। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने डार्क ग्लासेस भी पहने थे।

विजय देवरकोंडा को ठीक उसी समय हैदराबाद एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। एयरपोर्ट पर विजय ने भी डार्क ग्लासेस और मास्क से चेहरा छिपाया हुआ था।

**रश्मिका मंदाना ने कन्फर्म की शादी–** इंडियन एक्सप्रेस ने जर्नलिस्ट सुभाष के.झा के हवाले से रश्मिका-विजय की शादी की कन्फर्मेशन दी है। रिपोर्ट के अनुसार, जर्नलिस्ट सुभाष के.झा ने रश्मिका मंदाना को ऑनलाइन मैसेज के जरिए मुबारकबाद दी थी। इस पर एक्ट्रेस ने इनकार करने की बजाए शुक्रिया कहा, जिससे कन्फर्म है कि एक्ट्रेस शादी करने वाली हैं।





**दिल्ली का बैंड हुआ हायर, वेडिंग प्लानर हैदराबाद से–** नवभारत टाइम्स की रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से लिखा गया है कि रश्मिका-विजय ने शादी के लिए दिल्ली का एक पॉपुलर बैंड हायर किया है, जो इससे पहले कई सेलिब्रिटी वेडिंग में परफॉर्म कर चुका है। इसके अलावा वेडिंग प्लानर हैदराबाद से हायर हुआ है, जो एक मशहूर टेनिस प्लेयर की शादी भी प्लान कर चुके हैं। इसी रिपोर्ट के अनुसार, विजय-रश्मिका की शादी के लिए आईटीसी मोमेंटोज होटल बुक किया गया है। सभी मेहमान 24 फरवरी को होटल में चेक-इन करेंगे। ये बुकिंग 24-25-26 फरवरी के लिए हुई है। शादी में आने वाले सभी 230 गेस्ट इसी होटल में रहेंगे, जिसमें कुल 117 कमरे हैं।

इससे पहले विजय देवरकोंडा के हैदराबाद स्थित घर को भी लाइट्स से सजाया गया था। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। दावा किया जा रहा है कि घर को शादी के लिए डेकोरेट किया गया है।

**विजय-रश्मिका का वेडिंग कार्ड हुआ वायरल–** हाल ही में सोशल मीडिया पर एक कार्ड वायरल हुआ, जिस पर विजय देवरकोंडा का नाम लिखा था। कार्ड में लिखा गया है, परिवार के आशीर्वाद से रश्मिका और विजय 26.02.26 को एक छोटे और निजी समारोह में शादी करेंगे। वे अपनी नई जिंदगी की शुरूआत अपनों के साथ करना चाहते हैं और उनका आशीर्वाद उनके लिए बहुत मायने रखता है।

**दावा– उदयपुर वेडिंग के बाद हैदराबाद में होगा रिसेप्शन–** रिपोर्ट्स के अनुसार, उदयपुर में होने वाली शादी के बाद कपल 3-4 मार्च को हैदराबाद में रिसेप्शन देंगे, जिसमें फिल्म इंडस्ट्री की कई हस्तियां शामिल होने वाली हैं। यह रिसेप्शन हैदराबाद या बंजारा हिल्स के किसी प्रीमियम स्थल पर होने की चर्चा है।

एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, विजय-रश्मिका एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी के बंधन में बंधेंगे, जिसमें महज परिवार के लोग और कुछ करीबी ही शामिल होंगे। शादी में नो फोन पॉलिसी होगी, जिससे इनसाइड तस्वीरें लीक न हों। इसके अलावा शादी के लिए बड़ी सिक्योरिटी एजेंसी हायर किए जाने की भी खबर है।

**अक्टूबर में हुई विजय-रश्मिका की सगाई–** विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ने 3 अक्टूबर को हैदराबाद में सगाई की है। ये एक प्राइवेट सेरेमनी थी, जिसमें कपल के परिवार के चंद लोग ही शामिल हुए थे। इसके बाद रश्मिका को कई मौकों पर एंगेजमेंट रिंग के साथ स्पॉट किया गया था, हालांकि कपल ने अब तक सगाई की ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है। सगाई की खबरों के बीच रश्मिका मंदाना ने हॉटरफ्लाई को दिए इंटरव्यू में कहा, मैं शादी कंफर्म या खारिज नहीं करना चाहूंगी। मैं बस इतना कहूंगी कि जब इस बारे में बात करने का समय आएगा, तब हम बात करेंगे।

## टी-20 वर्ल्डकप में भारत की सबसे बड़ी हार, साउथ अफ्रीका ने 76 रन से हराया

# भारत को अब दोनों मैच जीतने होंगे

ब्रह्मास्त्र ›› अहमदाबाद



वर्ल्ड चैंपियन टीम इंडिया को टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी है। रविवार को उसे साउथ अफ्रीका ने तीसरे सुपर-8 मैच में 76 रन के अंतर से हराया है। इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत की जीत का सिलसिल भी थम गया है। इससे पहले इंडिया ने लगातार 12 मैच जीते थे।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अफ्रीकी टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 187 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 18.5 ओवर में 111 रन पर ऑलआउट हो गई। मार्को यानसन ने 4 विकेट झटके। केशव महाराज ने 3 विकेट लिए। कॉर्बिन बॉश को 2 और ऐडन मार्करम को एक विकेट मिला। शिवम दुबे ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए।

इससे पहले साउथ अफ्रीका की ओर से डेविड मिलर ने 35 बॉल पर 63 रन बनाए। जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 45 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स ने 24 बॉल पर नाबाद 44 रन बनाए। जसप्रीत बुमराह ने 3 विकेट झटके। अर्शदीप सिंह ने 2 विकेट लिए। मैच का स्कोरकार्ड

**प्लेयर ऑफ द मैच रहे-** साउथ अफ्रीका की ओर से डेविड मिलर ने 35 गेंद पर 63 रनों की पारी खेली। उन्होंने डेवाल्ड ब्रेविस के साथ मिलकर 50 गेंद पर 97 रन की साझेदारी की। मिलर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**भारत की हार के 3 कारण-** मिलर-ब्रेविस की साझेदारीसाउथ अफ्रीका की शुरूआत अच्छी नहीं थी। टीम ने 20 रन पर टॉप-3 विकेट गंवा दिए थे। क्विंटन डी कॉक 6, ऐडन मार्करम 4 और रियान रिकेल्टन 7 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। पावरप्ले में टीम का स्कोर 41/3 था। यहां से डेविड मिलर ने डेवाल्ड ब्रेविस के साथ मिलकर सिर्फ 50 गेंद पर 97 रन जोड़े और रन रेट को लगभग 10 रन प्रति ओवर पहुंचा दिया। इस साझेदारी के दम पर साउथ अफ्रीका ने भारत को 188 रन का टारगेट दे दिया।

भारतीय बैटर्स फेल रहेभारतीय टीम के बैटर्स फेल रहे। लगातार चौथे मैच में टीम का कोई ओपनर जीरो पर आउट हुआ। इस बार ईशान किशन खाता नहीं खोल सके। उनके बाद तिलक वर्मा एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। फिर 5वें ओवर की तीसरी बॉल पर अभिषेक शर्मा 15 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान सूर्यकुमार यादव (18 रन) और वॉशिंगटन सुंदर (11 रन) भी खास प्रदर्शन नहीं कर सके। एक भी फिफ्टी पार्टनरशिप नहींभारत 3 विकेट जल्दी गंवाने के बाद ही बैकफुट पर चली गई थी। इसके बाद कोई फिफ्टी रन की साझेदारी भी नहीं हुई। भारत ने मिडिल ओवर्स में 7 से 15 के बीच सिर्फ 57 रन बनाए और 5 विकेट गंवा दिए। 15वें ओवर में केशव महाराज ने एक ही ओवर में हार्दिक, रिंकू और अर्शदीप को आउट कर भारत की हार तय कर दी।

**साउथ अफ्रीका के मैच विनर्स-** सेमीफाइनल के लिए बड़ी जीत जरूरी भारतीय टीम ग्रुप-1 का पहला ही मैच 76 रन के बड़े अंतर से हार गई है। इससे टीम का नेट रन रेट -3.800 हो गया है। ऐसे में टीम इंडिया को अगले दोनों मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे। ताकि उसका नेट रन रेट अन्य टीम से बेहतर हो।

### केशव महाराज को एक ओवर में 3 विकेट, भारत पर ओवर रेट की पेनल्टी

- टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में मेजबान भारत को पहली हार का सामना करना पड़ गया। रविवार को साउथ अफ्रीका ने टीम इंडिया को 76 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने 187 रन बनाए। भारत 111 रन ही बना सका।
- केशव महाराज ने एक ही ओवर में 3 विकेट झटक लिए। ओवर रेट पेनल्टी के कारण भारत को आखिरी ओवर में 5 खिलाड़ी 30 यार्ड सर्कल के अंदर खड़े करने पड़े। हार्दिक पंड्या ने रन आउट का मौका गंवाया, वहीं डेविड मिलर ने शिवम दुबे को जीवनदान दे दिया।
- टॉस हारकर पहले बॉलिंग करने उतरी टीम इंडिया 20 ओवर पूरे करने के लिए निर्धारित 85 मिनट में 19 ओवर भी नहीं फेंक सकी। इस कारण टीम को आखिरी ओवर के लिए 4 की बजाय 5 खिलाड़ी 30 यार्ड सर्कल के अंदर खड़े करने पड़े। इसका खामियाजा भारत को भुगतना पड़ा और टीम ने 20वें ओवर में 20 रन खर्च कर दिए।
- 20वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने रन आउट का मौका भी गंवा दिया। ओवर की दूसरी गेंद हार्दिक ने यॉर्कर फेंकी, स्टब्स ने लॉन्ग ऑन की ओर गेंद पुश की और 2 रन के लिए दौड़ पड़े। स्टब्स तो स्ट्राइकर एंड पर पहुंच गए, लेकिन कगिसो रबाडा नॉन स्ट्राइकर एंड पर नहीं पहुंच पाए। फील्डर ने गेंद थ्रो की, लेकिन हार्दिक गेंद नहीं पकड़ पाए। अगर वे गेंद पकड़कर स्टंप्स को मार देते तो रबाडा आउट हो जाते।

## क्रिकेटर राहुल चाहर ने फैशन डिजाइनर पत्नी से तलाक लिया



### बोले- कम उम्र में शादी की, इसके लिए बड़ी कीमत चुकानी पड़ी

ब्रह्मास्त्र ›› आगरा

क्रिकेटर राहुल चाहर ने फैशन डिजाइनर पत्नी ईशानी जौहर से तलाक ले लिया है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। राहुल ने लिखा कि कम उम्र में शादी होने से वह खुद को और अपने जीवन की दिशा को पूरी तरह समझ नहीं पाए थे। पिछले 15 महीने अदालतों के चक्कर लगाते हुए बीते। उन्होंने लिखा, सारी कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह मामला मेरे फैसले के साथ समाप्त हुआ, लेकिन इसके लिए मुझे बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। राहुल उत्तर प्रदेश के आगरा के रहने वाले हैं। उन्होंने 22 साल की उम्र में 9 मार्च, 2022 को ईशानी के साथ गोवा में डेस्टिनेशन वेडिंग की थी। अब शादी के करीब 4 साल बाद दोनों ने अलग होने का फैसला लिया है। वहीं, तलाक को लेकर अब तक ईशानी की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

**राहुल ने लिखा- मैं अपने जीवन में आगे बढ़ रहा हूं-** राहुल चाहर ने एक्स पर लिखा- मैंने कम उम्र में शादी की थी। उस समय मैं खुद को, अपनी कीमत को और उस जीवन को पूरी तरह नहीं समझ पाया था, जिसे मैं सच में बनाना चाहता था। इसके बाद मेरे जीवन में ऐसे साल आए, जिनकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। पिछले 15 महीने मैं अदालत के चक्कर लगाता रहा। इस दौरान मैंने धैर्य रखना, सहन करना और सच से मिलने वाली ताकत को समझना सीखा।

## देश में 30% मैराथन बढ़े, अब हर तीसरा रनर जेन-जी

ब्रह्मास्त्र ›› बुलावायो

कोविड के बाद भारत में एक बदलाव आया... लोग जिम से बाहर निकले और सड़कों पर दौड़ने लगे। रनिंग अब शहरी लाइफस्टाइल का हिस्सा बन चुकी है। टाटा मुंबई मैराथन की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार उनकी 2019 मैराथन में लगभग 47,000 प्रतिभागी थे जो 2025 में बढ़कर 65 हजार हो गए।

यानी करीब 30% की वृद्धि। 2025 में देशभर में 1,500 से ज्यादा रनिंग इवेंट आयोजित हुए। अनुमान है कि इस पूरे इकोसिस्टम से करीब 50 करोड़ डॉलर (लगभग 4,000 करोड़ रुपए) का आर्थिक प्रभाव पड़ा। इसमें स्पोर्ट्स ब्रांड्स, कॉर्पोरेट स्पॉन्सर, होटल, ट्रैवल, इवेंट मैनेजमेंट, न्यूट्रिशन और फिटनेस गैजेट मार्केट शामिल हैं, यानी रनिंग अब एक इंडस्ट्री बन चुकी है।

स्ट्रावा ईयर इन स्पोर्ट ट्रेंड रिपोर्ट के अनुसार 2025 में रनिंग दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल बना और इसमें सबसे बड़ा ग्रुप युवाओं का रहा। मतलब हर बड़ी कैटेगरी में लगभग एक-तिहाई या उससे ज्यादा भागीदारी जेन-जी की।




**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547







**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं.- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

**चंद्रिमा चटर्जी बोलीं**

## अमेरिकी टैरिफ बदलाव के बावजूद भारत मजबूत स्थिति में



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

सीटी की महासचिव चंद्रिमा चटर्जी ने कहा कि अमेरिका की नई टैरिफ नीति के बावजूद भारत की स्थिति मजबूत बनी हुई है। उन्होंने बताया कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता जारी रहने से भारतीय टेक्सटाइल निर्यातकों को आगे भी बाजार, निवेश और सहयोग के अवसर मिल सकते हैं।

अमेरिकी टैरिफ व्यवस्था में हालिया बदलावों के बावजूद भारत मजबूत स्थिति में बना हुआ है। भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) की महासचिव चंद्रिमा चटर्जी ने यह दावा किया है।

दरअसल, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापक टैरिफ नीति के एक बड़े हिस्से को खारिज करते हुए कहा कि संबंधित कानून राष्ट्रपति को ऐसे आयात शुल्क लगाने का अधिकार नहीं देता। इसके बाद ट्रंप ने सभी व्यापारिक साझेदार देशों पर 10 प्रतिशत का नया वैश्विक टैरिफ लागू करने की घोषणा की, जिसे उनकी व्यापार रणनीति का अगला चरण माना जा रहा है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए चंद्रिमा चटर्जी ने कहा कि उद्योग यह आकलन कर रहा है कि इन बदलावों का भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर क्या प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने बताया कि पहले भारत को कुछ प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले मामूली टैरिफ बढ़त हासिल थी, लेकिन वैश्विक 10 प्रतिशत टैरिफ लागू होने पर भी भारत की स्थिति अच्छी बनी रहेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत-अमेरिका के बीच चल रही द्विपक्षीय वार्ताएं जारी रहना बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे भारतीय निर्यातकों को टैरिफ के अलावा निवेश, तकनीक आदान-प्रदान और सहयोग के रूप में भी फायदा मिल सकता है।

**सिस्को के अधिकारी ने बताया कैसे बदलेंगे रोजगार के मौके**

# एआई आने से इंसानों की जगह नहीं लेगी मशीन

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

सिस्को के टॉप अधिकारी जीतू पटेल ने बताया कि एआई इंसानों की जगह नहीं लेगा, बल्कि नई नौकरियां पैदा करेगा। जानिए एआई के भविष्य और इसके आर्थिक पहलुओं पर उनकी अहम राय।


आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के तेजी से बढ़ते उपयोग के बीच कॉरपोरेट जगत और आम लोगों में यह डर सता रहा है कि क्या मशीनें इंसानों की जगह ले लेंगी? सिस्को के प्रेसिडेंट और चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर जीतू पटेल ने इन चिंताओं को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उनका मानना है कि एआई इंसानों को बेमानी नहीं बनाएगा, बल्कि यह मानवीय क्षमता और मूल्य को और बढ़ाएगा।

**एआई और मानवीय समझ का तालमेल** – पटेल के अनुसार, असली कामयाबी तब मिलती है जब इंसानी समझ और निर्णय लेने की क्षमता को एआई के ऑटोमेशन के साथ मिलाया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चैटबॉट से लेकर ऑटोनॉमस एजेंट तक, एआई सिस्टम तेजी से उन्नत हो रहे हैं, लेकिन इन्हें इंसानी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है, न कि उन्हें बदलने के लिए। पटेल ने अपनी मां के अस्पताल में भर्ती होने का उदाहरण देते हुए कहा कि कोई भी एआई किसी नर्स की जगह नहीं ले सकता। इंसानों में प्यार, समझ और देखभाल की बुनियादी जरूरत होती है, जिसे कोई मशीन पूरा नहीं कर सकती है।

**तकनीक को अपनाने की रफ्तार**– वर्तमान में दुनिया एआई के दूसरे प्रमुख चरण में प्रवेश कर चुकी है, जबकि पहला चरण चैटबॉट्स का था जो बुद्धिमानी से सवालों के जवाब देते थे और यह किसी जादू जैसा लगता था। पटेल ने कहा कि इंसान किसी भी नई और जादुई लगने वाली तकनीक को बहुत जल्दी सामान्य मान लेते हैं। उन्होंने सैन फ्रांसिस्को में वेमो की सेल्फ-ड्राइविंग कारों का उदाहरण देते हुए बताया कि पहली बार यह अनुभव हैरान करने वाला होता है। दूसरी बार बैठने पर इंसान डिस्ट्रैक्ट होकर ईमेल करने लगता है, और तीसरी बार तक कार की सीटों की शिकायत करने लगता है। तकनीकी प्रगति के कारण इंसानों के तालमेल बिठाने की यह तेज गति आगे भी जारी रहेगी।

**लागत और इकोनॉमिक्स** – एआई से जुड़े खर्चों पर बात करते हुए पटेल ने कहा कि इसे ट्रेन करने और चलाने की लागत अभी अधिक है, लेकिन यूनिट इकोनॉमिक्स में तेजी से सुधार हो रहा है। पिछले दो वर्षों में इन्फरेंसिंग पर टोकन जनरेशन की लागत 1,000 गुना कम हो गई है। बुनियादी ढांचे पर कुल खर्च बढ़ेगा, लेकिन प्रति क्वेरी लागत समय के साथ तेजी से घटने की उम्मीद है।

सिस्को के शीर्ष अधिकारी के अनुसार एआई के विकास का अर्थ समाज में इंसानी योगदान का अंत कतई नहीं है। भविष्य का कार्यस्थल ऐसा होगा जहां मशीनी पैमाने का उपयोग होगा, लेकिन उसके केंद्र में पूरी तरह से इंसान ही रहेंगे। तकनीक सस्ती होने के साथ-साथ यह कॉर्पोरेट्स के लिए विकास के नए द्वार खोलेगी और कार्यबल में इंसानों के महत्व को मजबूती से बरकरार रखेगी।




### रोजगार और नए उद्योगों पर असर

- ऑटोमेशन के कारण नौकरियों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर पटेल ने माना कि काम का तरीका बदलेगा और कुछ पुरानी नौकरियां खत्म हो सकती हैं। हालांकि, उन्होंने आश्वस्त किया कि हर नौकरी का स्वरूप बदलेगा और एआई के कारण पूरी तरह से नए उद्योग और अवसर पैदा होंगे।
- मशीनें सहानुभूति, रचनात्मकता और समाज में योगदान देने की इंसानी फितरत की नकल नहीं कर सकती हैं।
- कार्यस्थलों पर एआई 'डिजिटल सहकर्मियों' के रूप में काम करेगा।
- इंसान अब उच्च-स्तरीय निर्णय लेने, रचनात्मकता और समस्याओं को सुलझाने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।
- जीवन को केवल 'समुद्र तट को घूरने' तक सीमित कर देना जीवन के उद्देश्य को ही चुनौती देगा, क्योंकि इंसानों में स्वभाव से ही कुछ नया बनाने और समाज में मूल्य जोड़ने की जन्मजात इच्छा होती है।

## ट्रंप के 15% टैरिफ से भी भारत को लाभ

### अगले महीने भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौता संभव

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पहले भारत से अमेरिका जाने वाले सामान पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ (शुल्क) लग रहा था। यह फैसला 150 दिनों के लिए अस्थायी तौर पर लागू रहेगा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत समेत कई देशों पर लगाए गए ऊंचे पारस्परिक शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) को घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया है, जिस का भारत को सीधा लाभ होगा। पहले भारत से अमेरिका जाने वाले सामान पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ (शुल्क) लग रहा था। अब 24 फरवरी 2026 से यह घटकर 15 प्रतिशत रह जाएगा। यह फैसला 150 दिनों के लिए अस्थायी तौर पर लागू रहेगा। 20 फरवरी को व्हाइट हाउस की ओर से इसका आधिकारिक आदेश जारी किया गया। टैरिफ या आयात शुल्क वह टैक्स है, जो कोई देश दूसरे देश से आयात होने आने वाले सामान पर लगाता है। जब कोई कंपनी विदेश से सामान मंगाती है, तो उसे सरकार को यह शुल्क देना पड़ता है। आमतौर पर कंपनियां यह अतिरिक्त खर्च ग्राहकों से वसूल लेती हैं। यानी टैरिफ बढ़ता है तो सामान महंगा हो जाता है। उदाहरण के तौर पर अगर किसी उत्पाद पर 5 प्रतिशत सामान्य आयात शुल्क है और सरकार 15% अतिरिक्त टैरिफ लगा देती है, तो कुल शुल्क 20% हो जाएगा। भारत-अमेरिका के बीच पहले चरण के व्यापार समझौते का कानूनी मसौदा तैयार करने के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल 23 फरवरी से वाशिंगटन में बैठक करेगा। दोनों देश अगले माह समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। रेसिप्रोकल टैरिफ यानी पारस्परिक शुल्क शब्द का इस्तेमाल सबसे पहले अमेरिका ने किया। 2 अप्रैल 2025 को ट्रंप प्रशासन ने भारत सहित करीब 60 देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य यह बताया गया था कि अमेरिकी निर्यातकों को समान अवसर दिया जाए। इसका मतलब है, अगर कोई देश अमेरिकी सामान पर 20 प्रतिशत शुल्क लगाता है, तो अमेरिका भी उस देश से आने वाले सामान पर उतना ही शुल्क लगाएगा। यह शुल्क पहले से लागू सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) ड्यूटी के ऊपर लगाया जाता है। यानी यह अतिरिक्त टैक्स होता है।

**मुकेश अंबानी का बड़ा ऐलान डेटा की तरह सस्ती होगी**

# एआई जियो जोड़ेगा भारत को इंटेलिजेंस युग से

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

देश की तकनीकी दिशा को नई करवट देने वाली घोषणा करते हुए उद्योगपति मुकेश अंबानी ने कहा है कि जिस प्रकार जियो ने भारत में डेटा को सुलभ और किफायती बनाया, उसी प्रकार अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता को भी आम नागरिक तक कम लागत में पहुँचाया जाएगा। इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत बुद्धिमत्ता किराये पर नहीं ले सकता और अब समय आ गया है कि देश इंटरनेट युग से आगे बढ़कर इंटेलिजेंस युग में प्रवेश करे।




अंबानी ने घोषणा की कि रिलायंस इंडस्ट्रीज और जीयो प्लेटफार्म अगले सात वर्षों में लगभग 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। यह निवेश भारत में विश्वस्तरीय एआई अवसंरचना विकसित करने, उच्च क्षमता वाले डेटा केंद्र स्थापित करने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित सेवाओं को देशभर में फैलाने के उद्देश्य से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल व्यावसायिक विस्तार नहीं, बल्कि भारत की दीर्घकालिक आर्थिक और तकनीकी आत्मनिर्भरता का आधार बनेगी।

कंपनी गुजरात के जामनगर में चरणबद्ध तरीके से बहु-गीगावॉट क्षमता वाला एआई-सक्षम डेटा सेंटर पार्क विकसित कर रही है। वर्ष 2026 के अंत तक 120 मेगावॉट क्षमता के संचालन का लक्ष्य रखा गया है, जिसे आगे बढ़ाकर गीगावॉट स्तर तक विस्तारित किया जाएगा। अंबानी के अनुसार यह संपूर्ण ढाँचा हरित ऊर्जा पर आधारित होगा, जिससे ऊर्जा की बढ़ती आवश्यकता के बीच पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखा जा सके। उन्होंने कहा कि जियो का नेटवर्क देशभर में ऐसी कंप्यूट क्षमता उपलब्ध कराएगा, जिससे एआई सेवाएँ कम लागत और तेज गति से लोगों, दुकानों, विद्यालयों, अस्पतालों और खेतों तक पहुँच सकेंगी। अपने संबोधन में अंबानी ने इस बात पर विशेष बल दिया कि एआई भारतीय भाषाओं में काम करेगा। उनका कहना था कि यदि तकनीक केवल सीमित भाषा या वर्ग तक सीमित रही, तो उसका सामाजिक प्रभाव अधूरा रह जाएगा।

- इसी दृष्टि से जियो शिक्षा एआई, जियो आरोग्य एआई, जियो कृषि और जियो भारत आईक्यू जैसे मंच प्रस्तुत किए गए हैं। इन प्लेटफॉर्मों के माध्यम से छात्र अपनी पढ़ाई में सहायता प्राप्त कर सकेंगे, रोगी प्रारंभिक स्वास्थ्य परामर्श पा सकेंगे, किसान मौसम, बीज और बाजार संबंधी जानकारी हासिल कर सकेंगे और छोटे व्यवसायी अपने कारोबार के निर्णय बेहतर ढंग से ले सकेंगे।
- अंबानी ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर जो आशंकाएँ व्यक्त की जाती हैं, उन्हें संतुलित दृष्टि से देखने की आवश्यकता है। उनके अनुसार एआई कोई ऐसा तंत्र नहीं है जो मानव श्रम को समाप्त कर दे, बल्कि यह एक ऐसा उपकरण है जो कार्य की गति और गुणवत्ता को बेहतर बनाता है। उन्होंने एआई को आधुनिक अक्षय पात्र की संज्ञा देते हुए कहा कि यह ज्ञान, उत्पादकता और अवसरों का अंतहीन स्रोत बन सकता है। उनका विश्वास है कि एआई उच्च कौशल आधारित रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा और भारत की युवा शक्ति को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

**केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया दावा**

# 2029-30 तक छह करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार 2029-30 तक छह करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। उन्होंने बताया कि 2027 तक तीन करोड़ का लक्ष्य 2025 में ही हासिल हो चुका है। आइए विस्तार से जानते हैं।

केंद्र सरकार ने ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ाने के लक्ष्य को और बड़ा करते हुए 2029-30 तक छह करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह जानकारी दी और कहा कि इस दिशा में सरकार चरणबद्ध तरीके से काम करेगी।

**तीन करोड़ लखपति दीदी का लक्ष्य 2025 तक हासिल कर लिया गया**– चौहान ने दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आयोजित केंद्रीय स्तरीय समन्वय समिति बैठक और राष्ट्रीय लॉन्च कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2027 तक तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया था, जिसे 2025 तक ही हासिल कर लिया गया। इसमें ग्रामीण विकास मंत्रालय, बैंकों और राज्य सरकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई**– उन्होंने बताया कि लखपति दीदी उन महिलाओं को कहा जाता है जिनकी वार्षिक शुद्ध आय एक लाख रुपये या उससे अधिक होती है। वर्तमान में देशभर में 3.01 करोड़ महिलाएं इस मुकाम तक पहुंच चुकी हैं और करीब 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं। मंत्री ने कहा कि अब प्रधानमंत्री ने लक्ष्य बढ़ाकर छह करोड़ लखपति दीदी बनाने का निर्देश दिया है और इसके लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया है। उन्होंने माना कि पहले तीन करोड़ का लक्ष्य हासिल करना अपेक्षाकृत आसान था, क्योंकि कई महिलाओं की आय पहले से 50 से 60 हजार रुपये के बीच थी, लेकिन अब कम आय वाली महिलाओं की आमदनी बढ़ाना अधिक चुनौतीपूर्ण होगा।

## दिल्ली में अरुणाचल की 3 महिलाओं पर नस्लीय कमेंट: पड़ोसियों ने धंधेवाली कहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के मालवीय नगर में किराए पर रहने वाली अरुणाचल प्रदेश की 3 महिलाओं पर नस्लीय कमेंट और गाली-गलौज किया गया। घटना 20 फरवरी की है, जानकारी अब सामने आई है। दरअसल पूरा विवाद गंदगी फैलाने को लेकर हुआ था। जिसके बाद पड़ोसियों ने नॉर्थईस्ट की महिलाओं को 'मोमो' कहा।

यही नहीं एक आरोपी महिला ने पीड़ितों को धंधेवाली भी कहा और मसाज पार्लर चलाने का आरोप लगाया। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें आरोपी महिला कहती है कि, उसका पति कितना जवान है अगर ये जानना है तो मेरे पति के साथ बेडरूम में चली जा।

पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने ऋक्षक्र दर्ज कर ली है। उधर मेघालय के सीएम के संगमा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि नॉर्थईस्ट के लोगों के साथ भेदभाव बंद होना चाहिए।

### अब समझिए पूरा मामला क्या है

दरअसल अरुणाचल प्रदेश की तीन महिलाएं दिल्ली के मालवीय नगर में किराए पर रहती हैं। इनका फ्लैट चौथी मंजिल पर है। 20 फरवरी को महिलाओं ने दोपहर करीब 3.30 बजे अपने फ्लैट में एयर कंडीशनर लगवाने के लिए एक इलेक्ट्रीशियन को बुलाया था। इस दौरान बाहरी दीवार पर ड्रिलिंग करते समय धूल और मलबा नीचे फर्स्ट फ्लोर में रहने वाले हर्ष सिंह और उनकी पत्नी रूबी की बालकनी में गिर गया।

मलबा गिरने को लेकर शुरू हुई बहस जल्द ही बिगड़ गई। महिलाओं ने आरोप लगाया कि कपल ने गालियां दीं और उन्हें और नॉर्थईस्ट समुदाय को टारगेट करते हुए अपमानजनक और नस्लीय टिप्पणियां कीं। इस घटना का एक कथित वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वीडियो में, आरोपी महिला पीड़ित से कहती है कि वह 500 रुपए में मसाज पार्लर में काम करने वाली धंधेवाली है। जब झगड़ा हो रहा था, तब एक पुलिस ऑफिसर मौके पर मौजूद था। वीडियो में, पुलिसवाला बीच-बचाव करते और हालात को शांत करने की कोशिश करते हुए भी दिख रहा है।

इस बीच आरोपी हर्ष सिंह महिलाओं से गाली-गलौज करने लगा। तब पीड़ित ने कहा कि इस बुड्ढे को समझा लो। इस पर पत्नी कहती है कि जिस आदमी से वह बात कर रही है वह एक ़बड़े पॉलिटिशियन ़ का बेटा है। तुम उसको बुड्ढा कैसे कह सकती हो। फिर आरोपी महिला कहती है कि तुम (पीड़ित) उसके साथ क्यों नहीं सोती? मेरे बेडरूम में जाओ। तुम्हें पता चल जाएगा कि वह कितने साल का है।

### पुलिस ने केस दर्ज किया, अभी तक गिरफ्तारी नहीं


पुलिस ने कहा कि हर्ष सिंह और उसकी पत्नी रूबी जैन के खिलाफ मालवीय नगर पुलिस स्टेशन में इठर सेक्शन 79 (महिला की अपमान करने के लिए इस्तेमाल किया गया शब्द), 351(2) (आपराधिक धमकी), 3(5) (कॉमन इंटेंशन) और 196 (धर्म, जाति, जन्म स्थान, रहने की जगह, भाषा, वगैरह के आधार पर दुश्मनी बढ़ाना) के तहत ऋक्षक्र दर्ज की गई है। हालांकि, इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। सीनियर ऑफिसर ने कहा, ़किसी भी तरह की फिजिकल चोट की खबर नहीं है। हालांकि, शिकायत करने वालों ने मेंटल हैरेसमेंट और बेइज्जती का आरोप लगाया है।़ महिलाओं ने आरोपी से फॉर्मल माफी की मांग की है, और कहा है कि कमेंट्स सिर्फ पर्सनल नहीं थे बल्कि नॉर्थईस्ट कम्युनिटी की इज्जत को टारगेट करते थे।

# मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर फंसे लोगों को मिलेगा टोल-रिफंड

## टैंकर पलटने से 33 घंटे तक फंसीं थीं 1 लाख से ज्यादा गाड़ियां

### 5.16 करोड़ लौटाएगा विभाग





ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पुणे-मुंबई एक्सप्रेसवे पर टैंकर पलटने से लगे जाम का ड्रोन से लिए गए वीडियो में अडोशी टनल के पास गाड़ियों की लंबी लाइन देखी गई थी। मुंबई पुणे एक्सप्रेसवे पर गैस टैंकर पलटने से जाम में फंसे रहे लोगों को उनके फास्टैग में टोल रिफंड किया जाएगा। महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के एक सीनियर अधिकारी ने रविवार को इसकी जानकारी दी।

3 फरवरी को एक्सप्रेसवे पर खंडाला घाट सेक्शन में शाम करीब 5 बजे अडोशी टनल के पास एक गैस से भरा टैंकर पलट गया था। इससे 33 घंटे तक ट्रैफिक जाम रहा और कई किलोमीटर तक 1 लाख से ज्यादा गाड़ियां फंस गई थीं। गाड़ी चलाने वालों और यात्रियों को पानी, खाने और दूसरी जरूरी सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ा था।

अधिकारी ने बताया कि टोल कलेक्शन रोकने का ऑर्डर जारी होने के बाद भी गाड़ी मालिकों से वसूले गए पूरे पैसे वापस करने का फैसला किया गया है। 5.16 करोड़ रुपये का रिफंड गैस लीक के बाद हालात संभालने के लिए भारत पेट्रोलियम की टीमें मौके पर तैनात की गई थीं। पुणे से मुंबई जाने वाली लेन पूरी तरह बंद कर दी गई थी और ट्रैफिक को पुराने मुंबई-पुणे हाईवे की ओर डायवर्ट किया गया था।

स्थिति को कुछ हद तक संभालने के लिए पुणे लेन से मुंबई की ओर 15झ20 मिनट के ब्लॉक में गाड़ियां जा रही थी। 4 फरवरी की शाम तक वाहनों की कतारें करीब 20 किलोमीटर तक फैल गई थीं। मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे के संचालन और रखरखाव के लिए जिम्मेदार MSRDC और IRB MPEPL की टीमें FM रेडियो, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से यात्रियों को लगातार अपडेट देती रहीं।

## तेजस विमान का ब्रेक फेल, रनवे से आगे निकला: लैंडिंग के दौरान हादसा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इंडियन एयर फोर्स (क्कक्र) का हल्का लड़ाकू विमान तेजस लैंडिंग के दौरान रनवे से आगे निकल गया। शुरुआती जांच में ब्रेक फेल होने की आशंका जताई जा रही है। न्यूज एजेंसी अठकने सूत्रों के हवाले से बताया कि घटना 7 फरवरी की है। जानकारी अब सामने आई है।

विमान ट्रेनिंग उड़ान के बाद एयरबेस पर लौट रहा था। लैंड करते ही पायलट ने ब्रेक लगाने की कोशिश की। जब ब्रेक नहीं लगा तो विमान रनवे से बाहर निकल गया। दुर्घटना से पहले पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया। विमान को नुकसान पहुंचा है। हादसा किस एयरबेस पर हुआ, ये जानकारी सामने नहीं आई।

## गुजरात के पोरबंदर तट पर ईरानी नाव पकड़ी: ईरान के 4 नागरिक गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

भारतीय तटरक्षक बल ने एक बड़े समुद्री अभियान के तहत गुजरात के पोरबंदर के पास एक संदिग्ध विदेशी नाव को रोककर जांच की। इस नाव पर ईरानी चालक दल सवार था और इसमें तस्करी कर लाई जा रही विदेशी ब्रांड की बड़ी मात्रा में सिगरेट बरामद की गई। सिगरेट की बाजार कीमत 5 करोड़ के आसपास आंकी गई है।

यह कार्रवाई कुछ दिन पहले हुए एक अन्य बड़े समुद्री अभियान के बाद हुई है। 17 फरवरी की रात भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड (अळर) के साथ मिलकर खुफिया सूचना के आधार पर एक संयुक्त ऑपरेशन चलाया था। नाव को आगे की जांच के लिए पोरबंदर लाया गया है। तटरक्षक बल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्ल पर जानकारी देते हुए बताया कि 21 फरवरी को भारतीय तटरक्षक जहाज ने द्वारका से लगभग 115 समुद्री मील पश्चिम में भारतीय एऐ के भीतर एक संदिग्ध विदेशी नाव को रोका था। जांच के दौरान नाव की पहचान ह्यअल मुख्तारह्ल के रूप में हुई, जिस पर चार ईरानी नागरिक चालक दल के रूप में मौजूद थे। तलाशी लेने पर नाव के होल्ड में छिपाकर रखे गए 200 कार्टन बरामद किए गए, जिनमें करीब एक लाख पैकेट विदेशी ब्रांड की सिगरेट छिपाई गई थीं। पकड़ी गई नाव और चालक दल को हिरासत में लेकर आगे की पूछताछ के लिए पोरबंदर लाया जा रहा है, जहां अन्य एजेंसियों के साथ संयुक्त जांच की जाएगी।

## पितृ स्मृति वन समिति ने टेकरी सरकार मंदिर पर स्थापित किए गमले

# फिट इंडिया क्लब के आह्वान पर 'ग्रीन गुना चैलेंज' की गूँज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुना




शहर को हरित स्वरूप देने के लिए सामाजिक ग्रुप फिट इंडिया क्लब गुना द्वारा चलाया जा रहा 'ग्रीन गुना चैलेंज' अब एक विशाल जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। इसी मिशन को आगे बढ़ाते हुए, पितृ स्मृति वन समिति ने शनिवार आस्था के प्रमुख केंद्र सिद्ध पीठ टेकरी सरकार मंदिर पर गमले स्थापित कर सुंदरीकरण के कार्य को और विस्तार दिया है। उल्लेखनीय है कि विगत एक दशक से पर्यावरण संरक्षण की अलख जगा रहा फिट इंडिया क्लब अब मुक्तिधाम से लेकर मंदिरों तक के मार्ग और परिसरों को हरियाली से सराबोर करने के लक्ष्य पर काम कर रहा है। इस पुनीत कार्य में समिति के समर्पित सदस्य सरदार अनूप सिंह सोढ़ी, पार्षद श्री कैलाश धाकड़, एडवोकेट विष्णु झा, राज सिंह यादव, कमल कुशवाहा, हरिराम अहिरवार, शौकत अली खान 'भूरा' और इंजीनियर गुलाब राज सहित अन्य पर्यावरण प्रेमी प्रतिदिन अपना निस्वार्थ योगदान दे रहे हैं।

### एक दशक की अटूट साधना और श्रमदान

उल्लेखनीय है कि फिट इंडिया क्लब के आह्वान पर शहर के ये कर्मवीर पिछले कई वर्षों से बिना किसी अवकाश के, प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक श्रमदान करते आ रहे हैं। इस टीम की मेहनत का ही परिणाम है कि आज गुना में 1.5 किलोमीटर लंबा 'नीम कॉरिडोर' लहलहा रहा है और 160 बीघा के विशाल क्षेत्र में 'पितृ स्मृति वन' (मिनी फॉरेस्ट) एक ऑक्सीजन हब बन चुका है। शहर के मुख्य डिवाइडरों को हरा-भरा करने के बाद, अब समिति का पूरा ध्यान मुक्तिधाम और मंदिरों के आसपास के वातावरण को शुद्ध और सुंदर बनाने पर है। समिति का स्पष्ट संदेश है कि शहर का कोई भी कोना अब हरियाली से अछूता नहीं रहेगा।

### कार की आड़ में अंदर घुसने की कोशिश की

# ट्रम्प के रिसॉर्ट में घुस रहे युवक को गोली मारी,मौत: गन और फ्यूल कैन लेकर अंदर घुसने की कोशिश कर रहा था



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मार-ए-लागो रिसॉर्ट में घुसने की कोशिश करने वाले एक युवक को सुरक्षाकर्मियों ने गोली मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। घटना स्थानीय समयानुसार रविवार आधी रात 1:30 बजे हुई।

राष्ट्रपति की सुरक्षा करने वाली एजेंसी सीक्रेट सर्विस ने बताया कि युवक गैरकानूनी तरीके से सुरक्षित इलाके में घुसने की कोशिश कर रहा था। वह अपने साथ शॉटगन और फ्यूल कैन लेकर आया था।

मारे गए युवक की उम्र 20 साल थी, वह नॉर्थ कैरोलीना का रहने वाला था। फिलहाल उसकी पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। मामले की जांच जारी है।

घटना के वक्त राष्ट्रपति ट्रम्प वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस में मौजूद थे। आमतौर पर वह वीकेंड पर मार-ए-लागो में समय बिताते हैं। अधिकारियों ने युवक से बरामद हुई शॉटगन की एक तस्वीर जारी की है। इसमें एक लाल फ्यूल कैन भी नजर आ रहा है। अधिकारियों ने युवक से बरामद हुई शॉटगन की एक तस्वीर जारी की है। इसमें एक लाल फ्यूल कैन भी नजर आ रहा है। सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि रिसॉर्ट के नॉर्थ गेट से एक कार के बाहर निकल रही थी, इसी दौरान युवक ने अंदर घुसने की कोशिश की। उसके पास शॉटगन और फ्यूल कैन था।

सीक्रेट सर्विस के दो एजेंट्स ने उसे रोका और उससे हथियार और कैन गिराने को कहा गया। युवक ने कैन तो रख दिया, लेकिन शॉटगन को गोली चलाने की पॉजीशन में उठा लिया। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने गोली चलाई और वह मारा गया। जांच में पता चला कि उसके परिवार ने कुछ दिन पहले उसे लापता होने की रिपोर्ट की थी। वह नॉर्थ कैरोलीना से साउथ की ओर आया था और रास्ते में शॉटगन खरीदा। उसकी कार में गन का डिब्बा मिला है।

ट्रम्प की सुरक्षा में पहले भी चूक हो चुकी है। 13 जुलाई 2024 में ट्रम्प को एक रैली के दौरान एक हमलावर ने गोली मार दी थी। उस वक्त वे राष्ट्रपति नहीं थे। उन पर यह हमला राष्ट्रपति चुनाव से ठीक 4 महीने पहले हुआ था। 20 साल के हमलावर ने 400 फीट की दूरी से ट्रम्प पर असॉल्ट राइफल से गोली चलाई थी। यह गोली उनके कान को छूते हुए गुजरी थी। इसके बाद ट्रम्प की सुरक्षा में तैनात सीक्रेट सर्विस के स्नाइपर्स ने हमलावर को तुरंत ढेर कर दिया था। ट्रम्प को गोली लगने के बाद सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स ने कवर कर लिया। उनकी हाथ उठाते हुए यह तस्वीर दुनियाभर में वायरल हुई थी। अमेरिका में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति की सुरक्षा का जिम्मा यूनाइटेड स्टेट्स सीक्रेट सर्विस (वरर) के पास होता है। यह एक फेडरल एजेंसी है, जो होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट के तहत काम करती है। सीक्रेट सर्विस की शुरूआत 1865 में हुई थी। शुरू में इसका मुख्य काम नकली नोट रोकना था। लेकिन 1901 में राष्ट्रपति विलियम मैकिन्ले की हत्या के बाद संसद ने इसे राष्ट्रपति की सुरक्षा का काम सौंप दिया।

### किन-किनकी सुरक्षा करती है सीक्रेट सर्विस?

राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति (उनके परिवार)

राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति बनने वाले उम्मीदवार

पूर्व राष्ट्रपति (जीवन भर), उनकी पत्नी और 16 साल से कम उम्र के बच्चे

विदेशी राष्ट्राध्यक्ष और सरकार प्रमुख (जो अमेरिका आते हैं)

राष्ट्रपति पद के प्रमुख उम्मीदवार और उनकी पत्नी

राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के लिए यह सुरक्षा अनिवार्य है। वे इसे मना नहीं कर सकते। बाकी लोग मना कर सकते हैं।

सीक्रेट सर्विस के स्पेशल एजेंट्स हमेशा तैनात रहते हैं। जब भी कोई अमेरिकी राष्ट्रपति कहीं जाता है, घर में रहता है या विदेश यात्रा करता है तो सीक्रेट सर्विस ही उसकी पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

एजेंट्स पहले से जगह का सर्वे करते हैं, खतरे की जानकारी इकट्ठा करते हैं और हर संभावित जोखिम को पहले ही रोकने की कोशिश करते हैं।

### ट्रम्प के रिसॉर्ट में एंट्री के लिए मेंबरशिप जरूरी

ट्रम्प के रिसॉर्ट में बिना कार्ड यहां एंट्री नहीं होती है। इसकी लाइफटाइम मेंबरशिप फीस 8.50 करोड़ रुपए है। पैसा होने पर भी सभी को मेंबरशिप नहीं मिलती है। इसके लिए पहले उसकी हिस्ट्री चेक होती है। मसलन बैंक अकाउंट डिटेल, सोशल स्टेट्स और फैमिली बैकग्राउंड।

### रूस की राजधानी मॉस्को पर ड्रोन हमले की कोशिश, 11 ड्रोन मारे; चारों एयरपोर्ट बंद किए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मॉस्को

रूस की राजधानी मॉस्को पर रविवार को ड्रोन हमले की कोशिश की गई। रूसी एयर डिफेंस सिस्टम ने एक घंटे के भीतर 11 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराने का दावा किया। इसके बाद सुरक्षा कारणों से मॉस्को के चारों अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए। रूसी सिविल एविएशन एजेंसी ने बताया कि डोमोडेडोवो, व्नुकोवो, झुकोव्स्की और शेरेमेत्येवो एयरपोर्ट अस्थायी तौर पर बंद किए गए हैं। अगली सूचना तक उड़ानों की आवाजाही रोकी गई है। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि एयर डिफेंस ने मॉस्को की ओर बढ़ रहे एक और ड्रोन को इंटरसेप्ट किया। इसके साथ ही गिराए गए ड्रोन की कुल संख्या 11 हो गई। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को लगभग चार साल पूरे होने वाले हैं। रूस का आरोप है कि यूक्रेन उसके विभिन्न क्षेत्रों, विशेषकर राजधानी मॉस्को, पर ड्रोन हमले करता है। वहीं रूस भी यूक्रेन पर लगातार मिसाइल और ड्रोन हमले कर रहा है।

### नेतन्याहू बोले- मोदी के इजराइल आने का इंतजार; पीएम ने कहा- आपसे मिलने के लिए उत्सुक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजराइल दौरे को लेकर इजराइल के ढट बेंजामिन नेतन्याहू ने  पर कर कहा कि वे अपने ह्यप्रिय मित्रह्ळ की इस बुधवार होने वाली यात्रा का इंतजार कर रहे हैं। नेतन्याहू ने भारत-इजराइल संबंधों को नवाचार, सुरक्षा और साझा रणनीतिक दृष्टि पर आधारित साझेदारी बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग अकसहित कई क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। नेतन्याहू की पोस्ट के जवाब में मोदी ने उन्हें धन्यवाद देते हुए कहा कि वे भारत-इजराइल संबंधों और द्विपक्षीय रिश्तों की विविधता पर उनसे सहमत हैं। पीएम मोदी ने लिखा कि भारत विश्वास, नवाचार और शांति व प्रगति की साझा प्रतिबद्धता पर आधारित इजराइल के साथ अपनी स्थायी मित्रता को महत्व देता है और वे अपनी आगामी यात्रा के दौरान होने वाली चर्चाओं के लिए उत्सुक हैं।

### पाकिस्तान के लाहौर में कनाडाई पीएचडी स्कॉलर लापता, पुलिस ने किडनैपिंग का केस दर्ज किया

पाकिस्तान के लाहौर में कनाडाई नागरिक और पीएचडी छात्र हमजा अहमद खान लापता हो गए हैं। वे 13 फरवरी को एंटी-इम्पीरियलिस्ट राजनीति पर शोध के लिए पाकिस्तान पहुंचे थे। 19 फरवरी की रात डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी स्थित घर से राइड बुक कर कहीं जाने के लिए निकले, लेकिन वापस नहीं लौटे। दोस्त यूसुफ राशिद की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ किडनैपिंग का केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और यह भी देखा जा रहा है कि उनके रिसर्च वर्क का इस घटना से कोई संबंध है या नहीं। ह्यूमन राइट्स कमीशन ऑफ पाकिस्तान ने घटना पर गंभीर चिंता जताते हुए सरकार से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। राजनीतिक कार्यकर्ताओं और संगठनों ने भी इसे अकादमिक स्वतंत्रता से जोड़ते हुए जांच की मांग की है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्य खंगाल रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद ही लापता होने की असली वजह साफ हो सकेगी।

### अमेरिकी राजदूत बोले- इजराइल का पूरे मिडिल ईस्ट पर हक; इस्लामिक देशों ने बयान जारी कर निंदा की

अमेरिका के इजराइल में राजदूत माइक हकाबी के एक बयान ने मिडिल-ईस्ट में नई बहस छेड़ दी है। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि मिडिल-ईस्ट के कई हिस्सों पर इजराइल का अधिकार है। अगर इजराइल पूरे मिडिल ईस्ट इलाके पर नियंत्रण कर ले तो यह ठीक होगा। रिपोर्ट के मुताबिक यह बयान अमेरिकी विदेश नीति से अलग माना जा रहा है। मिडिल ईस्ट के कई देशों ने जॉइन्ट स्टेटमेंट जारी कर इसकी निंदा की। वअए, सऊदी अरब, मिस्र और कतर समेत कई देशों ने इसे खतरनाक और भड़काऊ बताया। तुर्की, इंडोनेशिया और पाकिस्तान ने भी विरोध जताया। फिलिस्तीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह बयान अंतरराष्ट्रीय कानून और इतिहास के खिलाफ है।

### भारतीय यूट्यूबर का दावा- साउथ कोरिया में एंट्री से रोका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ साउथ कोरिया

भारतीय यूट्यूबर सचिन अवस्थी ने दावा किया है कि साउथ कोरिया के जेजू आइलैंड पर उन्हें एंट्री से इनकार कर 38 घंटे तक हिरासत में रखा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें बिना कारण बताए डिटेंशन सेंटर में रखा गया, जहां फोन उपयोग की अनुमति नहीं थी और भोजन-पानी सीमित था। अवस्थी के मुताबिक, अधिकारियों ने उन्हें महंगा रिटर्न टिकट बुक कराने के लिए दबाव बनाया और वापसी का टिकट सामान्य से लगभग 10 गुना अधिक कीमत पर पड़ा। उन्होंने यह भी दावा किया कि चीन में ट्रांजिट के दौरान भी कड़ी निगरानी का सामना करना पड़ा। हालांकि अवस्थी ने कहा कि इमिग्रेशन निर्णय संबंधित देश का अधिकार है, लेकिन उनके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार नहीं होना चाहिए था। फिलहाल साउथ कोरिया या चीन के अधिकारियों की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक

## 16 मौतें, सभी एक परिवार के, 7 कैंपों को निशाना बनाया, आत्मघाती हमलों का बदला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अल-जजीरा

पाकिस्तान की सेना ने रविवार तड़के अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की। अल-जजीरा के मुताबिक पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (ळळढ) और इस्लामिक स्टेट से जुड़े सात कैंपों और ठिकानों को निशाना बनाया गया।

पाकिस्तान सरकार ने इसे हालिया आत्मघाती हमलों के बाद जवाबी अटैक बताया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि यह इंटेलिजेंस बेस्ड ऑपरेशन था। पाकिस्तान ने कहा, ह्यहमारे पास पुख्ता सबूत हैं कि हमले अफगानिस्तान की जमीन से चल रहे नेटवर्क ने कराए.ह्ळ

अफगानिस्तानी मीडिया टोलो न्यूज के मुताबिक हमले में नांगरहार के एक घर को निशाना बनाया, जिससे एक ही परिवार के 23 लोग मलबे के नीचे दब गए।



अब तक सिर्फ चार लोगों को निकाला जा सका है। हमले के समय परिवार सो रहा था, इसलिए उन्हें भागने का मौका ही नहीं मिला।

अमेरिकी मानवाधिकार संगठन इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन (कऌफ्ऋ) के मुताबिक इसमें 16 लोगों की मौत हो गई। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हालांकि, आंकड़ों की आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

### अफगानिस्तान बोला- सही समय पर कड़ा जवाब देंगे

अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सही समय पर पाकिस्तान को जवाब देने की चेतावनी दी है। मंत्रालय ने इन हमलों को अफगानिस्तान की गोपनीयता नीति का उल्लंघन बताया। अफगान सूत्रों के अनुसार पक्तिका में एक धार्मिक स्कूल पर ड्रोन हमला हुआ और नांगरहार प्रांत में भी कार्रवाई की गई। पाकिस्तान ने कहा है कि उन्होंने आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया, लेकिन अफगान स्रोतों के अनुसार नागरिकों को नुकसान हुआ। पाकिस्तान लंबे समय से तालिबान सरकार से मांग करता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरोप है कि ळळढ अफगानिस्तान से संचालित हो रहा है, जबकि तालिबान इन आरोपों से इनकार करता रहा है। पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह 2020 में दोहा में अमेरिका के साथ हुए समझौते के तहत तालिबान पर दबाव डाले, ताकि अफगान जमीन का इस्तेमाल दूसरे देशों के खिलाफ न हो।

## अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| | ■ | ■ | | ■ | 10 | 11 | ■ | |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | | | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | ■ |
| 15 | | | 16 | | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | 19 | | ■ | 20 | ■ | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | |

### बाएं से दाएं

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-2
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2, 3
15. चोरी करना-2, 3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शरीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

### ऊपर से नीचे

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | न | ल | वा | र | ■ | वि | ■ | ■ |
| ■ | क | ■ | श | ■ | अ | ग | ज | क |
| क | ल | र | ■ | क | प | ट | ■ | हा |
| ■ | र | ज | न | ■ | ना | ■ | औं | सु |
| अ | ■ | क | मी | ज | प | न | ■ | मी |
| खा | मी | ■ | ज | ■ | न | ज | ला | ■ |
| न | ■ | स | वा | ल | ■ | र | ज | न |
| क | र | व | ला | ■ | अ | ■ | वा | ■ |
| ■ | ■ | ल | ■ | अ | म | बा | ब | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145 | | 31 | | 32 | | 50 | = | 94 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 44 | | 24 | | 15 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 10 | | 5 | | 40 | | 15 | = | 25 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 45 | | 40 | | 36 | | 25 | = | 50 / 16 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | गु | क | वि |
| टी | वी | सू | ह | का | ल | जी | दि | ल | को | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | मा | ल | क | वा | हा | ह | व | म |
| दा | ज | न | प | व | म | है | डी. | म्म | सी | वें |
| दि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| वे | ह | बु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | व | ला | ज | र | सी | डी. | ट | फ | धी |
| मौ | रे | त | सू | ह | रे | दा | वे | जे. | र | र |
| मि | ल | च | त | र | ट | क | वें | न | गां | ध |
| या | र | म | न | लां | वा | इ | र | म्हे | ह | पी |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

सोनू मोनू आपस में बात कर रहे थे
सोनू - यार मैं अपनी गर्लफ्रेंड को बर्थडे पर क्या गिफ्ट दूं?
मोनू - मेरा मोबाइल नंबर दे दे।

000000000

पप्पू - नींद के पीछे मत भागो।
गप्पू - फिर?
पप्पू - भागना है तो पढ़ाई के पीछे भागो... नींद झक मार के आएगी।

000000000

टीचर - भारत की सबसे खतरनाक नदी कौन सी है?
स्टूडेंट - भावना।
टीचर - कैसे?
स्टूडेंट - क्योंकि सब इसमें बह जाते हैं।
टीचर बेहोश!

000000000

संता - पंजाब एक्सप्रेस कब आएगी?
टीटी - पांच बजे।
संता - लोकल?
टीटी - 9 बजे... आपको जाना कहां है?
संता - कही नहीं... बस पटरी पर लेटकर सेल्फी लेनी है।

000000000

पति - आज खाना क्यों नहीं बनाया?
पत्नी - गिर गई थी और लग गई।
पति - कहां गिर गई और कहां लगी?
पत्नी - तकिए पर गिर गई थी और आंख लग गई थी।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# टैरिफ रद्द होने का भारत पर क्या असर: ट्रम्प बोले- ट्रेड डील में कोई बदलाव नहीं;

## अमेरिकी अधिकारी ने कहा- 10% टैरिफ ही लगेगा

**अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ को रद्द कर दिया। इसके कुछ घंटे बाद ही ट्रम्प ने फिर से 10% टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। वहीं, अगले दिन शनिवार को इसे बढ़ाकर 15% करने का ऐलान किया।**

**ऐसे में भारत पर लगे टैरिफ को लेकर यह भी सवाल उठ रहा है कि भारत को 18% टैरिफ देना होगा या 15%। इसकी दो वजहें हैं-**

**राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि भारत के साथ ट्रेड डील पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह पहले की तरह आगे बढ़ेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया ब्रिटेन, भारत और यूरोपीय संघ सहित अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करने वाले देशों को अब धारा 122 के तहत 10% वैश्विक टैरिफ का ही सामना करना पड़ेगा, न कि उस टैरिफ दर का जिस पर उन्होंने पहले बातचीत की थी। इस आधार पर शनिवार के ऐलान के बाद 15% रहेगा**

**रिपोर्ट सही मानें तो भारत पर कुल टैरिफ 18% घटकर 10% रह जाएगा, यानी शनिवार के ऐलान के बाद 15% रहेगा, जबकि ट्रम्प का बयान 18% टैरिफ की ओर इशारा कर रहा है।**






### भारत-अमेरिका टैरिफ टाइमलाइन

- **2 अप्रैल 2025** अमेरिका ने भारत पर 10% का बेसलाइन टैरिफ लगाया
- **5 अप्रैल 2025** ट्रम्प ने भारत पर 26% टैरिफ का ऐलान किया।
- **9 अप्रैल 2025** अमेरिका ने 90 दिनों के लिए टैरिफ हटाने का ऐलान किया।
- **10 जुलाई 2025** भारत ने WTO में ₹32,000 करोड़ की जवाबी ड्यूटी का प्रस्ताव रखा।
- **31 जुलाई 2025** अमेरिका ने भारत पर 25% रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने का ऐलान किया।
- **1 अगस्त 2025** भारत पर 25% रेसिप्रोकल टैरिफ लागू हुआ।
- **6 अगस्त 2025** रूसी तेल खरीदने की वजह से भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ का ऐलान।
- **27 अगस्त 2025** भारत पर 25% एक्स्ट्रा (कुल 50%) टैरिफ लागू।
- **2 फरवरी 2026** अमेरिका ने भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ घटाकर 18% किया।
- **7 फरवरी 2026** भारत-अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते (ITA) का फ्रेमवर्क जारी।





## भारत सरकार बोली- मामले को ध्यान से देख रहे

टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले और ट्रम्प की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद भारत सरकार ने कहा है कि वह पूरे मामले को ध्यान से देख रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी प्रशासन ने जो भी नए कदम उठाए हैं, उनके भारत पर क्या असर पड़ सकते हैं, इसका आकलन किया जा रहा है।

मंत्रालय के अनुसार, शुक्रवार को आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले और ट्रम्प की प्रेस कॉन्फ्रेंस को नोट किया गया है। अमेरिका की ओर से कुछ फैसलों की घोषणा भी की गई है।

सरकार इन सभी घटनाक्रमों को समझ रही है, ताकि यह तय किया जा सके कि इनका भारत और दोनों देशों के व्यापार पर क्या प्रभाव पड़ सकता है।



### ट्रेड डील फरवरी के अंत तक फाइनल होगी

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने से पहले शुक्रवार मीडिया से बात की थी। तब उन्होंने बताया था कि अमेरिका के साथ 'अंतरिम व्यापार समझौता' फरवरी के अंत तक फाइनल हो जाएगा। मार्च में इस पर हस्ताक्षर होंगे, वहीं अप्रैल से ये समझौता पूरी तरह लागू हो जाएगा।

इसके साथ ही आने वाले कुछ महीनों में भारत दुनिया के बड़े देशों साथ व्यापारिक समझौतों पर अंतिम मुहर लगाएगा। अप्रैल में ब्रिटेन और ओमान के साथ भी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट शुरू होने की उम्मीद है। 23 फरवरी से भारत और अमेरिका के अधिकारी अमेरिका में तीन दिनों की अहम बैठक करेंगे। इस बैठक का मकसद 7 फरवरी को जारी 'जॉइंट स्टेटमेंट' के आधार पर कानूनी ड्राफ्ट तैयार करना है। वाणिज्य मंत्रालय के चीफ नेगोशिएटर दर्पण जैन भारतीय डेलिगेशन का नेतृत्व करेंगे। उम्मीद है कि टैक्स में 25% से 18% की कमी का आधिकारिक आदेश इसी हफ्ते या अगले हफ्ते तक आ जाएगा। इससे भारत के कपड़ा, चमड़ा और जेम्स-ज्वैलरी जैसे सेक्टर को सीधा फायदा होगा।

### 7 फरवरी को ट्रेड डील का ऐलान हुआ था

कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने 7 फरवरी को प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिका के साथ ट्रेड डील की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि भारतीय कृषि उत्पाद अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात किए जाएंगे, जबकि अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है।

पीयूष गोयल ने साफ किया कि इस समझौते में जेनेटिकली मॉडिफाइड फूड को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली है। उन्होंने कहा- यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 27.18 लाख करोड़ रुपए) के बाजार को खोलेगा।

### अमेरिका से 50 हजार करोड़ डॉलर के उत्पाद खरीदेगा भारत

इसके अलावा भारत ने अगले 5 साल में अमेरिका से 50 हजार करोड़ डॉलर (45 लाख 30 हजार करोड़ रुपए) के उत्पाद खरीदने पर सहमति जताई है। भारत और अमेरिका ने शुक्रवार को अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क जारी किया है।

इसके तहत भारतीय सामान पर अमेरिका का टैक्स 50% घटाकर 18% कर दिया गया है। रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25% अतिरिक्त टैक्स भी हटा लिया गया है।

### नॉन-टैरिफ बाधाएं को दूर करेंगे दोनों देश

पीयूष गोयल ने बताया कि दोनों देशों ने फैसला किया है कि वे इसके कुछ नियम तय करेंगे, ताकि इस समझौते का लाभ मुख्य रूप से अमेरिका और भारत को ही मिले, न कि किसी तीसरे देश को।

भारत और अमेरिका का इस व्यापार समझौते में नॉन-टैरिफ बैरियर्स को दूर करने पर खास फोकस है। ये बाधाएं टैरिफ नहीं होतीं, लेकिन व्यापार को मुश्किल बनाती हैं। अमेरिकी मेडिकल डिवाइसेस कंपनियों को भारत में कीमत तय करने के नियम, रजिस्ट्रेशन में देरी जैसी रुकावटों का सामना करना पड़ा रहा था।

### अप्रैल में ब्रिटेन और ओमान के साथ हुई डील लागू होगी



भारत-ब्रिटेन पिछले साल जुलाई में हुए करार के बाद अब इसे अप्रैल से लागू किया जा सकता है। इससे भारत के 99% उत्पादों को ब्रिटेन में 'जीरो ड्यूटी' पर एंट्री मिलेगी। बदले में भारत ब्रिटेन से आने वाली कारों और स्कॉच व्हिस्की पर टैक्स कम करेगा।

ओमान के साथ भी अप्रैल में डील लागू होने की उम्मीद है, जिससे खाड़ी देशों में भारतीय सामान की पहुंच आसान होगी। ओमान ने भारत के 98% से ज्यादा उत्पादों पर जीरो ड्यूटी की पेशकश की है।

■ वर्ष-12 अंक-112 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 23 फरवरी, 2026

### सुभाषितानि

रुद्राणां शङ्करश्चास्मि वित्तेशो यक्षरक्षसाम्।
वसूनां पावकश्चास्मि मेरुः शिखरिणामहम्॥

**भावार्थ :** मैं एकादश रुद्रों में शंकर हूँ और यक्ष तथा राक्षसों में धन का स्वामी कुबेर हूँ। मैं आठ वसुओं में अग्नि हूँ और शिखरवाले पर्वतों में सुमेरु पर्वत हूँ।

सर्वाभिलाषिणः सर्वभोजिनः सपरिग्रहाः।
अब्रह्मचारिणो मिथ्योपदेशा गुरवो न तु॥

**भावार्थ :** अभिलाषा रखनेवाले, सब भोग करनेवाले, संग्रह करनेवाले, ब्रह्मचर्य का पालन न करनेवाले और मिथ्या उपदेश करनेवाले, गुरु नहीं है।

## सम्पादकीयम्

### आक्षेपाणां संख्या एतावता अधिका

प्रासंगिकदस्तावेजानां च प्रस्तुतीकरणे सुविधा भविष्यति। यद्यपि अस्य वर्गस्य अर्थः लोपः न भवेत् तथापि लघुविषया अपि प्रायः सामान्यजनानाम् कृते महत्त्वपूर्णानि कष्टानि सृजितुं शक्नुवन्ति। आक्षेपाणां संख्या एतावता अधिका अस्ति यत् तेषां समाधानार्थं पर्याप्तकालस्य धैर्यस्य च आवश्यकता भवति। आशास्ति यत् न्यायालयस्य निर्णयेन प्रक्रियायाः विषये उत्थापितानां शिकायतां सम्बोधनं भविष्यति तथा च सामान्यजनं मनसि कृत्वा उत्तमव्यवस्था स्थापिता भविष्यति। विपक्षस्य शङ्काः। बिहारे एसआईआरस्य प्रथमचरणात् द्वितीयचरणपर्यन्तं एसआईआरसम्बद्धे सर्वाधिकं शिकायतां पारदर्शिता अभिप्रायः च अभवत्। यदि विपक्षः शङ्कया पश्यति तर्हि तस्य कारणानि सन्ति। सर्वोच्चन्यायालयेन बहुवारं हस्तक्षेपः कर्तव्यः अभवत्, निर्वाचनआयोगः च आश्वासयितुं असफलः अभवत् यत् एसआईआर-प्रयोजनं मतदातासूचिकातः नामानि लोपयितुं नागरिकतां निर्धारयितुं वा न भवति। वास्तविकं प्रयोजनम्। द्वितीयचरणस्य प्रकाशितानां ११ राज्यानां, केन्द्रशासितप्रदेशानां च मसौदे सूचीतः कुलम् ३६.९ मिलियनं नाम विलोपितम् अस्ति। पश्चिमबङ्गदेशे एव ५८ लक्षं नाम अपसारितम् अस्ति। ये तार्किकविसंगतियुक्ताः इति वर्गीकृताः सन्ति ते बहिष्कृताः भवन्ति। तेभ्यः सर्वेभ्यः स्वविचारं प्रस्तुत्य पुनः मतदाताः भवितुम् पूर्णः अवसरः दातव्यः।

### छत्तीसगढः - बस्तारे नक्सलीनां उपरि बृहत् आक्रमणं

# १७३ स्मारकाः ध्वस्ताः, ६४ पादपरिमितं स्मारकं अपि ध्वस्तम्



ब्रह्मास्त्र ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढस्य बस्तरप्रदेशः कदाचित् नक्सलीनां दुर्गः इति मन्यते स्म। सघनवनानि, दूरस्थग्रामाः, सीमितसुरक्षाबलाः च सन्ति चेदपि माओवादीसङ्गठनं वर्षाणां यावत् अत्र स्वप्रभावं धारयति स्म। अस्मिन् काले नक्सलीजनाः स्वनेतृणां पतितानां च सहचरानाम् स्मृतौ अनेकाः स्मारकाः निर्मितवन्तः। एते स्मारकाः तेषां प्रभावस्य, आधिपत्यस्य च प्रतीकाः अभवन्।

परन्तु अधुना चित्रं परिवर्तमानम् अस्ति। विगतकेषु वर्षेषु बस्तर्-नगरे सुरक्षाबलाः बृहत्-प्रमाणेन कार्याणि आरब्धवन्तः। नक्सलीनां विरुद्धं कार्याणि कृत्वा तेषां निर्मिताः स्मारकाः अपि लक्षिताः सन्ति। सांख्यिकी दर्शयति यत् २०१८ तः प्रायः १७३ नक्सलीस्मारकानि ध्वस्तानि सन्ति।

नक्सलीस्मारकाणां ध्वंसनस्य अभियानं तीव्रं भवति २०१८ तमे वर्षे २०२३ तमे वर्षे च बस्तर्-नगरे सुरक्षाबलाः प्रायः ६० नक्सली-स्मारकानि ध्वस्तं कृतवन्तः। एतेषां विध्वंसानाम् सर्वाधिकसंख्या २४ २०२१ तमे वर्षे अभवत्। अनन्तरं कार्याणि तीव्रताम् अवाप्तवन्तः। २०२३ तमे वर्षे २०२६ तमस्य वर्षस्य फेब्रुवरीमासे च सुरक्षाबलेन ११३ अधिकानि नक्सलीस्मारकानि ध्वस्तं कृत्वा कुलम् १७३ अभवत्। एतानि स्मारकाः नक्सलीभिः स्वनेतृणां, हतकार्यकर्तॄणां च स्मरणार्थं निर्मिताः अनेकस्थानेषु एतानि बृहत्संरचनानि आसन् ये ग्रामेषु तेषां प्रभावस्य प्रतीकरूपेण कार्यं कुर्वन्ति स्म। अधुना सुरक्षाबलाः तेषां निष्कासनं स्वस्य कार्यस्य भागं कृतवन्तः। ६४ पादपरिमितम् ऊर्ध्वतमं संरचना अपि ध्वस्तम् अभवत्। अद्यपर्यन्तं सर्वाधिकं ऊर्ध्वं स्मारकं ६४ पादपरिमितम् आसीत्। बीजापुरमण्डलस्य तेलङ्गानासीमायाः समीपे कोमतापल्ली ग्रामे अस्य निमार्णं कृतम्। २०२२ तमस्य वर्षस्य अगस्तमासे माओवादिनः तत्र शहीदसप्ताहम् आचरन्ति स्म। शतशः ग्रामजनाः समागताः, माओवादीनां शीर्षनेतारः अपि भागं गृहीतवन्तः। तस्मिन् समये अयं क्षेत्रः सुरक्षाबलानाम् अप्राप्यात् बहु परः आसीत्। परन्तु स्थितिः परिवर्तिता अस्ति।

### आशुतोषब्रह्मचारी

## इत्यनेन आरोपः कृतः यत् माघमेलायां एकः नाबालिगः एकः प्रौढः बालकः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ प्रयागराज

आशुतोषब्रह्मचारी इत्यनेन आरोपः कृतः यत् माघमेलायां एकः नाबालिगः एकः प्रौढः बालकः च तस्य समीपं गत्वा स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्दसरस्वती इत्यस्य उपरि यौनशोषणस्य आरोपं कृतवान्। परन्तु इदानीं प्रौढः बालकः नाबालिगः एव बलात्कृतः। आरोपः आसीत् यत् स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्दसरस्वतीः शिष्याः एतेषां बालकानां गुरुसेवायाः नामधेयेन यौनसम्बन्धं कर्तुं दबावं दत्तवन्तः, एतेन तेभ्यः आशीर्वादः भविष्यति इति विश्वासः कृतः।

२० नाबालिगबालानां यौनशोषणं कृतम् आशुतोषब्रह्मचारी इत्यस्य मते पीडितबालानां वक्तव्यस्य गम्भीरस्य ठोससाक्ष्यस्य च आधारेण प्रारम्भे सः झुनसीपुलिसस्थाने प्रकरणस्य पञ्जीकरणार्थं शिकायतां दाखिलवान्, परन्तु यदा पुलिसेन प्रकरणस्य पञ्जीकरणं कर्तुं न अस्वीकृतम् तदा सः कानूनी निवारणं प्राप्तुं बाध्यः अभवत्। आशुतोषब्रह्मचारी इत्यनेन आरोपः कृतः यत् सः प्रायः २० नाबालिगबालानां सम्पर्कं कृतवान् येषां विषये स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्दसरस्वती इत्यनेन यौनशोषणं कृतम् इति कथ्यते। तस्य समीपे प्रमाणानि आसन् यत् न केवलं नाबालिगबालानां बलात्कारः अभवत्, अपितु तस्य समीपे स्त्रियाः यौनशोषणस्य सीडी अपि आसीत्, ये सः न्यायालये प्रस्तौति स्म। आशुतोषब्रह्मचारी न्यायालयेन अस्मिन् विषये प्रकरणं दाखिल्य कार्यवाही कर्तुं अनुरोधं कृतवान् आसीत्, यस्य विषये न्यायालयस्य निर्णयः अद्य घोषितः। स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती इत्यनेन आरोपानाम् विषये किं उक्तम्? शंकराचार्यस्वामी अविमुक्तेश्वरानन्दसरस्वती अपि मीडियासमीपं भाषित्वा कथायाः स्वपक्षं प्रस्तुतवान्।

## मद्यप्रेमिणां कृते आघातः, १ एप्रिलतः मद्यस्य मूल्यं महत्तरं भविष्यति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

२०२६-२७ वित्तीयवर्षस्य नूतना आबकारीनीतेः मन्त्रिमण्डलस्य अनुमोदनानन्तरं सांसदसर्वकारेण राजपत्रसूचना जारीकृता अस्ति। एषा नीतिः मद्यविक्रयवितरणव्यवस्थायां प्रमुखपरिवर्तनानि आनयिष्यति। नूतनव्यवस्था सामाजिकसंवेदनशीलता, पारदर्शिता, राजस्ववृद्धिः च इत्येतयोः मध्ये सन्तुलनं करिष्यति इति सर्वकारस्य दावाः सन्ति। एप्रिलमासस्य प्रथमदिनात् मद्यस्य मूल्यानि अपि वर्धन्ते इति अपेक्षा अस्ति। नीतेः अन्तर्गतं राज्ये नूतनानि मद्यदुकानानि न उद्घाटितानि भविष्यन्ति। विद्यमानस्य ३५५३ दुकानानां नवीकरणस्य पुरातनव्यवस्था निरस्तम् अस्ति। अधुना अनिवार्य-ई-निविदा-ई-निलाम-माध्यमेन सर्वाणि दुकानानि आवंटितानि भविष्यन्ति। दुकानानि पञ्चपर्यन्तं समूहेषु विभक्ताः भविष्यन्ति, एकाधिकारस्य उन्मूलनार्थं बैच-आधारित-प्रक्रिया अपि स्वीकृता भविष्यति।

## राशिफल

**मेष :** यात्रा का योग बन रहा है, पर सफर थकाने वाला हो सकता है। पिता की सेहत, बच्चों के व्यवहार पर ध्यान देने की जरूरत है।

**वृषभ :** नौकरी और कारोबार में स्थिति सामान्य रहेगी, लेकिन कोर्ट-कचहरी या विवाद से दूर रहना बेहतर होगा।

**मिथुन :** लव लाइफ में मनमुटाव हो सकता है, इसलिए गुस्से में कोई बात न कहें। बिजनेस में आज नए काम की शुरुआत न करें।

**कर्क :** कोई बात गलत समझ ली गई तो परेशानी हो सकती है। परिवार में किसी बात को लेकर आपको सफाई देनी पड़ सकती है।

**सिंह :** काम के फैसले सही दिशा में जाएंगे। जीवनसाथी के साथ समय बिताएं, रिश्ते मजबूत होंगे।

**कन्या :** नए निवेश से फिलहाल दूरी रखें। कामकाज ठीक रहेगा, पर नया बिजनेस शुरू न करें।

**तुला :** विपरीत लिंग के साथ व्यवहार सोच-समझकर करें। शांति से काम लेंगे तो नुकसान से बच सकते हैं।

**वृश्चिक :** धैर्य और समझदारी से काम लेंगे तो नुकसान से बच सकते हैं। प्रॉपर्टी में सही जानकारी लेकर निवेश करें।

**धनु :** कोई बड़ा फैसला आज टालना बेहतर रहेगा, भावुक होकर किया गया फैसला बाद में पछतावा दे सकता है।

**मकर :** मां की सेहत पर ध्यान दें। प्रॉपर्टी या वाहन से जुड़ा काम बनेगा, लेकिन रुकावटों के साथ।

**कुंभ :** खुद पर ध्यान दें और आराम भी जरूरी है। मन को स्पष्टता और ताकत मिलेगी और नए अवसर खुलेंगे।

**मीन :** हालात धीरे-धीरे बेहतर होंगे। कामकाज में धीरे-धीरे सही दिशा में आगे बढ़ेंगे। कठिन समय से गुजर रहा है।

## ज्योतिष/वास्तु

# गजकेसरी योग से इन राशि वालों को मिलेगी सफलता, कार्यक्षेत्र में मिलेगा प्रमोशन

ज्योतिषियों के मुताबिक, गजकेसरी राजयोग से जातकों के सुख में वृद्धि, धन लाभ, सफलता और तनाव कम होता है। ऐसे में फरवरी में बनने जा रहे इस शक्तिशाली योग से इन राशि वालों को लाभ मिल सकता है, आइए जानते हैं।

ज्योतिष शास्त्र में गजकेसरी योग को बेहद शुभ माना जाता है। इससे जातकों को धन लाभ, सफलता, वैभव, बेहतर व्यक्तित्व और सद्बुद्धि की प्राप्ति होती हैं। जल्द फरवरी माह में यह शक्तिशाली राजयोग बनने जा रहा है, जो कुछ राशि वालों के लिए चमत्कार के समान रहेगा। बता दें, मन के कारक चंद्रमा 26 फरवरी 2026 को मिथुन राशि में गोचर कर रहे हैं। संयोग से देव गुरु बृहस्पति भी इसी राशि में विराजमान हैं। ऐसे में गुरु और चंद्रमा की युति होगी, जिससे गजकेसरी राजयोग बनेगा। चूंकि चंद्रमा लगभग ढाई दिन के बाद ही अगला गोचर करते हैं, इसलिए यह अवधि कुछ जातकों के लिए कल्याणकारी साबित हो सकती हैं और उन्हें कार्यक्षेत्र से लेकर व्यापार तक अच्छे परिणाम प्राप्त होने की पूर्ण संभावनाएं हैं। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**मिथुन राशि –** मिथुन राशि वालों के लिए समय शुभ रहने वाला है, क्योंकि आपको व्यापार में अच्छा मुनाफा देखने को मिल सकता है। इस समय निवेश से लाभ प्राप्त होगा और धन-धान्य में वृद्धि के प्रबल योग बन रहे हैं। खास बात



यह है कि, आर्थिक स्थिति पहले से मजबूत होगी। यदि आप व्यापार से जुड़े हैं तो नई डील फाइनल हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को भी पदोन्नति या वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी और मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**कन्या राशि –** कन्या राशि वालों के लिए यह समय नए अवसरों से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जो भविष्य में बड़ी सफलता का आधार बनेंगी। कन्या राशि वालों का लोगों से मेल-जोल बढ़ेगा और आपके संपर्क लाभदायक साबित होंगे। इस समय रचनात्मक क्षेत्र से जुड़े लोगों को विशेष सफलता मिल सकती है। आपकी प्रतिभा की सराहना होगी और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**मीन राशि–** इस समय मीन राशि वालों को करियर में अच्छे संकेत मिल रहे हैं। आपको रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है या अचानक आर्थिक फायदा हो सकता है। करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे और मेहनत का पूरा फल प्राप्त होगा। यह समय उन्नति और समृद्धि लेकर आने वाला साबित हो सकता है।कोई नई योजना आपको आर्थिक रूप से भी लाभ दे सकती है। मित्रों और सामाजिक दायरे से भी आपको सहयोग मिल सकता है।

## खबर एक नजर...

### सिद्धवट पर पंडे से विवाद कर दो लोगों ने की मारपीट

**उज्जैन।** सिद्धवट पर पूजा करने वाले एक पंडे के साथ शनिवार शाम दो लोगों ने निकलने की बात को लेकर विवाद कर मारपीट की। तथा घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। और फरार आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि देवेन्द्र पिता सूरज सिद्धवट पर पूजा और तर्पण कराने का कार्य करता है । शनिवार को वह पूजा कराने के लिए सिद्धवट परिसर में बैठा हुआ था। इस दौरान वहाँ से आनंद और एक अन्य युवक निकल रहा था। इस दौरान उनके बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आनंद ने अपने साथी के साथ मिलकर देवेन्द्र के साथ मारपीट कर गाली गलौज की ओर दोनों वहां से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मारपीट करने वाले दोनों आरोपियों की पुलिस खोजबीन कर रही है।

### वार्ड 49 में 21 लाख रुपए की लागत से होगा उद्यानों के सौंदर्यकरण का कार्य



**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 49 में निगम अध्यक्ष कलावती यादव एवं नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल महामंडलेश्वर शैलेशानंद महाराज क्षेत्रीय पार्षद आभा कुशवाह द्वार 21 लाख रुपए की राशि से किए जा रहे उद्यानों के सौंदर्यकरण कार्य का भूमि पूजन किया। 21 लाख की लागत से क्षेत्र के उद्यानों के सौंदर्यकरण किया जाएगा। भूमि पूजन के अवसर पर कलावती यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जो इस क्षेत्र के विधायक हैं विकसित प्रदेश के साथ उज्जैन में विकास का क्रम जारी है सिंहस्थ 2028 में नगर वासियों की सहभागिता के साथ हमे अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करना है इस अवसर पर नगर महामंत्री कमलेश बैरवा, आनंद सिंह खींची, मंडल अध्यक्ष परेश कुलकर्णी व्यास नगर उद्यान समिति के अध्यक्ष एसपी श्रीवास्तव राजेश माथुर, महेंद्र गदिया, विजय गर्ग, ललित शर्मा, महेश जारोलिया, सुनील जैन एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

### रेलवे स्टेशन पर सवारी बैठाने को लेकर ऑटो चालक में विवाद

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन पर सवारी बैठाने की बात को लेकर दो ऑटो चालकों में विवाद हो गया और विवाद अधिक बढ़ने पर नौबत मारपीट तक पहुंच गई। जीआरपी थाना पुलिस ने बताया कि शनिवार शाम रेलवे स्टेशन के पास माल गोदाम के तरफ ऑटो रिक्शा चालक राहुल पिता कालू अपना वाहन लेकर खड़ा हुआ था। इसी दौरान वहाँ पर गांधी नगर निवासी शोएब लाला नामक रिक्शा चालक आया और सवारी को बैठाने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के चलते दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। विवाद के दौरान वहां अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। आरोपी शोएब ने राहुल को उठाकर पटक दिया। जिससे उसकी कमर में गंभीर चोट लगी। तत्काल उसे अस्पताल लेकर आए। इधर आरोपी भाग निकला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। रेलवे स्टेशन पर आए दिन इस तरह के विवाद होते रहते हैं। लेकिन जीआरपी और आरपीएफ थाना पुलिस द्वारा इन वाहनों को परिसर से नहीं हटाया जाता है। इस कारण आए दिन यह झगड़ते रहते हैं इसके पहले भी कई बार रेलवे परिसर में सवारी बैठाने को लेकर रिक्शा चालकों के बीच विवाद हो चुके हैं।

1 4 7

## सड़क सुरक्षा के आदेश कागजों तक सिमटे, सड़क पर मनमानी का आलम

# वाहन के साथ मोबाइल चल रहे, नो हेलमेट पेट्रोल मिल रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शहर में सड़क सुरक्षा के आदेश कागजों तक सिमट कर रह गए हैं। सड़क पर वाहन चालकों की मनमानी का आलम छाया हुआ है। वाहन चलाते समय मोबाईल चलाना खासकर चौपहिया वाहनों में तो अब फैशन एवं स्टाईल बनता जा रहा है। टू-व्हीलर चालक हेलमेट के बीना पेट्रोल ले रहे हैं और कान में मोबाईल के हियर बड लगे हुए हैं।

धर्म नगरी की गली हो या मुख्य मार्ग सडक पर निकलते ही वाहन चलाने के दौरान चालक के मोबाईल पर बात करने के दृश्य आम हो चले हैं। यही नहीं पेट्रोल पंपों पर सुबह से शाम तक आने वाले दु-पहिया चालकों में से इक्का झ्दुक्का ही हेलमेट धारण कर रहे हैं। जनजागरूकता के लिए पिछले एक माह तक कार्य किए गए लेकिन उसका असर नाम मात्र का भी सामने नहीं आया है। ये बात अलग है कि आंकडों में दुर्घटनाएं कम हुई हैं और घायलों की संख्या भी घटी है।

**पिछले साल की तुलना में 43 प्रकरण कम-** बैठक में बताया गया कि 2025 की अपेक्षा 2026 में 1 जनवरी से 15 फरवरी तक सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 43 प्रकरणों की कमी आई है। साथ ही सड़क दुर्घटना में घायलों की संख्या में भी कमी आई है। बैठक में जानकारी दी गई है कि 1,जनवरी 2025 से 31, दिसंबर 2025 तक हेलमेट ना लगाकर दोपहिया वाहन चलाने पर 13,892 चालानी कार्यवाही और सीट बेल्ट ना लगाकर गाड़ी चलाने पर जिले में 3,240 चालान बनाए गए है।

**बगैर हेलमेट भी मिल रहा पेट्रोल-**नो हेलमेट, नो पेट्रोल नियम का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो पाया । प्रदेश के महानगरों भोपाल और इंदौर में इस नियम के सख्त पालन के बाद जबलपुर हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिए थे कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल पंपों पर ईंधन न दिया जाए। इसके पालन में कई जिलों के कलेक्टरों ने स्थानीय स्तर पर आदेश भी जारी किए थे।

वर्तमान में जिले के पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट बाइक सवार बेझिझक पेट्रोल भरवाते नजर आ रहे हैं। पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि पहले इस संबंध में स्पष्ट आदेश थे। लेकिन, अब स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई नया या प्रभावी निर्देश नहीं है। यदि विधिवत आदेश मिलेंगे तो नियम का पालन किया जाएगा। पंप कर्मियों का तर्क है कि ग्राहकों से विवाद या बहस की स्थिति से बचने के लिए वे नियम की अनदेखी कर देते हैं।

### सख्त कार्रवाही करें

हाल ही में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने साफ तौर पर कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल चलाने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाए। ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हांकित कर निरंतर सुधार के लिए रंबल स्ट्रिप, केट आई ,आवश्यक संकेतक ,स्पीड ब्रेकर निर्माण की कार्यवाही की जाए। ट्रैक्टर ट्रॉली एवं अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाएं। स्कूल संचालकों से स्कूलों वाहनों में छात्रों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा, जीपीएस सिस्टम लगाने एवं आरटीओ से स्कूल वाहनों के फिटनेस का सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। रात्रि में आवागमन की सुविधा के लिए और दुर्घटनाओं से बचाव के लिए बैठक में पशुओं के सींग पर रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं। हिट एंड रन केस के 19 प्रकरण स्वीकृत किए गए है। उक्त 19 प्रकरणों में 32 लाख रुपए की राहत राशि स्वीकृत की जा चुकी है।

## जुलूस सहित अन्य कार्यक्रमों में पन्नीयों के छोटे-छोटे टुकड़े उड़ाने का प्रचलन जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर को साफ सुथरा बनाने के लिए नगर निगम करोड़ों रुपए खर्च कर रहा है।शहर की गली मोहल्लें में डोर टू डोर कचरा उठाया जा रहा है। सड़कें व फुटपाथ को साफ रखने के लिए सफाई कर्मी दिन रात सफाई करने में लगे रहते हैं। लेकिन शादी ब्याह व जुलूस में स्वागत करने वाले उनकी मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। नगर निगम ने शादी व धार्मिक आयोजन में तोप मशीन से रंगीन पन्नियां उड़ाने पर रोक लगाई थी। लेकिन इस प्रतिबंध के बावजूद भी शादी व जुलूस सहित अन्य कार्यक्रमों में तोप मशीन से रंगीन पन्नियां उड़ाने का प्रचलन जारी है। प्रतिबंध के बावजूद भी लोग स्वागत के दौरान रंग बिरंगी पन्नियों के टुकड़े का इस्तेमाल कर रहे हैं।जिससे शहर की सड़क खराब हो रही है आपको बता दे की पूर्व निगम आयुक्त ने निर्देश जारी किया था कि जुलूस व धार्मिक आयोजन में स्वागत के दौरान तोप मशीन से रंग-बिरंगी पन्नियों के टुकड़े का इस्तेमाल नहीं किया जाए। क्योंकि पन्नियों के टुकड़े सड़क पर चिपक जाते हैं और सफाई कर्मियों को इन्हें साफ करने में भारी मशक्कत करना पड़ती है। इसे लेकर निगम आयुक्त ने यह निर्णय जारी किया था और स्वागत के दौरान पन्नियों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया था। लेकिन फिर भी स्वागत के दौरान इन पन्नियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिससे शहर की सड़के खराब हो रही है। वहीं सफाई कर्मचारीयों को भी इन पन्नियों को साफ करने में भारी मशक्कत करना पड़ रही है।

**इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई-** शादी विवाह का दौर चल रहा है चल समारोह एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रम तथा रैलियां आयोजित हो रही है। जिसमें रंगीन पन्नीयों के छोटे-छोटे टुकडों के छर्रे बनाकर स्वागत-सत्कार हेतु उड़ाया जा रहा है। जिस कारण से सड़कों पर जगह-जगह पर पन्नीयों के टुकड़े सड़कों पर चिपक रहे है और सफाई के दौरान सफाई कमीर्यों का अत्यधिक परिश्रम करना पड़ रहा है। जबकि नगर निगम द्वारा आदेश जारी कर कहा गया था कि अगर इसका इस्तेमाल करते कोई भी पाये गए तो निगम टीम द्वारा वाहन/मशीन को जब्त करने अथवा भारी आर्थिक दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।लेकिन अभी तक इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है ।

## आज से महानंदा एरिना ग्राउण्ड में पुलिस भर्ती परीक्षा 5800 अभ्यर्थी शामिल होंगे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार, आरक्षक (जी०डी०) भर्ती वर्ष 2025 हेतु प्रमाण पत्रों की जांच एवं शारीरिक प्रवीणता परीक्षा उज्जैन केन्द्र पर आज दिनांक 23.02.2026 से 14.03.2026 तक आयोजित की जाएगी।

शारीरिक परीक्षा के अंतर्गत 800 (400x2) मीटर दौड़, गोला फेंक, लंबी कूद परीक्षा एवं दस्तावेज परीक्षण महानंदा एरिना ग्राउण्ड उज्जैन पर संपन्न होंगी। परीक्षा की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। ड्यूटीरत कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी कराया गया है, तथा मॉक ड्रिल का अभ्यास भी किया जा चुका है। शारीरिक परीक्षा की पारदर्शिता एवं सटीकता हेतु सीसीटीवी कैमरा एवं विडियो कैमरा पर्याप्त संख्या में लगाए गये है, जिनकी मॉनिटरिंग पुलिस मुख्यालय द्वारा की जा रही है। परीक्षा में 5800 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे।ऐसे सभी अभ्यर्थी जिन्हें शारीरिक परीक्षा हेतु एरिना ग्राउण्ड उज्जैन केन्द्र आवंटित किया गया है उनसे अपेक्षा है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर महानंदा एरीना ग्राउण्ड, उज्जैन पर मूल प्रमाण पत्र, उसकी स्वयं सत्यापित छायाप्रति एवं आवश्यक दस्तावेज लेकर उपस्थित हो। विलंब से आने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## निगम आयुक्त ने कंटाल से सतीगेट एवं ढाबा रोड पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

# मलबा हटाने और नालियों की सफाई तत्काल हो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने रविवार को अधिकारियों के साथ कंठाल चौराहा से सतीगेट तक प्रारंभ किए गए सीवर के कार्यों एवं छत्री चौक पानी की टंकी से ढाबा रोड तक किए जा रहे मार्ग चौड़ीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए की कंठाल चौराहा से सतीगेट तक सीवर का कार्य किया जा रहा है वह व्यावसायिक क्षेत्र के अंतर्गत आता है।



इसीलिए इस कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि क्षेत्र के व्यापारियों एवं नागरिकों को किसी प्रकार की समस्या ना हो साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि को उक्त कार्य से अवगत करवाया जाए ताकि उन्हें भी कार्य की जानकारी रहे, इसके पश्चात आयुक्त द्वारा छत्री चौक पानी की टंकी से ढाबा रोड तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया उक्त क्षेत्र में भवन स्वामी द्वारा स्वयं द्वारा अपने चिन्हित भाग को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। नगर निगम के अधिकारी और कार्य के ठेकेदार अपने संसाधनों के साथ उपस्थित रहे जहां आवश्यकता लगे तोड़ाई के कार्य में सहयोग प्रदान करें साथ ही मार्ग पर सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेड्स लगाकर कार्य किया जाए कार्य के बाद तत्काल मलबा उठाने का कार्य, नालियों की सफाई का कार्य करें ताकि क्षेत्र के नागरिकों को किसी प्रकार की समस्या ना हो।

निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री लक्ष्मण प्रसाद साहू, सहायक आयुक्त प्रदीप सेन, उपयंत्री राजेंद्र रावत, पूजा जायसवाल उपस्थित रहें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com